दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 184
कोटद्वार गुरूवार
3 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## बैलपड़ाव में सिंचाई गूल में मिला नवजात शव

**हल्द्वानी।** बैलपड़ाव चौकी के रतनपुर ग्रामसभा चंद्रपुर सिंचाई गूल में मृत नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। नवजात का शव सूचना मिलने पर रतनपुर ग्रामसभा प्रधान पति हेम तिवारी ने बैलपड़ाव पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बलजीत सिंह भाकुनी ने बताया कि बैलपड़ाव नहर में एक नवजात शिशु का शव मिला है। जिसका पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त के लिए आगे की जांच जारी रहेगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा

**देहरादून।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए बीस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के जज अश्वनी दुबे ने दोषी पर चालीस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। यह पीड़िता को बतौर प्रतिपूर्ति दिए जाएंगे। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार ने बताया कि 10 अगस्त 2019 को रायवाला थाना पुलिस ने सोनू (24) निवासी हरिपुर कलां के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो का केस दर्ज किया। केस लड़की के पिता ने दर्ज कराया। सोनू लड़की के पिता के साथ मजदूरी करता था। आरोप है कि घटना के दिन वह लड़की के पिता का मोबाइल लेने के बहाने उसके घर गया। आरोप है कि वहां 13 वर्षीय लड़की के साथ उसने दुष्कर्म किया। इस दौरान पड़ोस की महिला पहुंची तो उन्होंने आरोपी की हरकत का देखकर पकड़ लिया। भीड़ जमा हुई तो लड़की के पिता को बुलाया गया। इस दौरान सामने आया कि उसने इससे पहले भी चार बार पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर लड़की के पिता को जान से मराने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया और सोनू को जेल भेजा गया। 17 सितंबर 2019 को पुलिस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। सात जनवरी 2020 को सोनू पर आरोप तय किए गए। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी को बीस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## संवेदना प्रकटकर शोक संतप्त परिवार की हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और परिवहन मंत्री चंदनराम दास ने सेना भर्ती में असफल रहने पर आत्महत्या करने वाले बागेश्वर के कमलेश गिरी के परिजनों से फोन पर बात कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने घटना को बहुत दुखद बताते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शोक संतप्त परिवार की हर संभव सहायता करेगी।

### हजारों झुग्गीवासियों के लिए बहुत बड़ा दिन

# सरकार गरीबों को अपने हाल पर नहीं छोड़ सकती: पीएम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इन-सीटू स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली के कालकाजी में 3,024 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन करने के बाद दिल्ली के गरीब परिवारों को पक्के घरों की चाबियां सौंपी। उन्होंने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि हजारों झुग्गीवासियों के लिए आज का दिन बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने बताया कि कालकाजी एक्सटेंशन के पहले फेज में 3000 से अधिक घरों का निर्माण किया गया है।

उन्होंने इस दौरान कहा, श्दिल्ली के सैकड़ों परिवारों और हजारों गरीब हमारे भाई-बहनों के लिए ये बहुत बड़ा दिन है। सालों से जो परिवार दिल्ली की झुग्गियों में रह रहे थे आज उनके जीवन की नई शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय देश में जो सरकार है वह गरीब की सरकार है। सरकार गरीबों को अपने हाल पर ही नहीं छोड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में देश की नीतियों और निर्णयों के केंद्र में गरीब हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, श्शहर में रहने वाले गरीब भाई-बहनों पर भी हमारी सरकार उतना ही ध्यान दे रही है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में 40 लाख से ज्यादा गरीबों को बीमा सुरक्षा कवच दिया गया है। इसके साथ ही दवाइयों का खर्च कम करने के लिए श्जन औघ्षधि केंद्रश की भी यहां सुविधा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब जीवन में सुरक्षा होती है तो गरीब निश्चिंत होकर गरीबी से बाहर निकलने के लिए भी जी जान से जुट जाता है।

पीएम मोदी ने दिल्ली को सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस शहर बनाने पर जोर देते हुए कहा, केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि हम दिल्ली को देश की राजधानी के अनुरूप एक शानदार और सभी प्रकार के सुविधा संपन्न शहर बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के विकास को गति देने के लिए हमने जो काम किए हैं यहां के लोग उसको देख रहे हैं। उन्होंने कहा, 2014 में जब हमारी सरकार आई थी, तो दिल्ली-एनसीआर में सिर्फ 190 किलोमीटर रूट पर ही मेट्रो चला करती थी। आज दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का विस्तार बढ़कर लगभग 400 किलोमीटर तक हो चुका है।

## रक्षा क्षेत्र में एक और कामयाबी, इंटरसेप्टर एडी-1 मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने द्वितीय चरण की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा इंटरसेप्टर एडी-1 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। रक्षा मंत्रालय ने ये जानकारी दी। सरकार ने कहा कि ।क-1 मिसाइल परीक्षण विभिन्न स्थानों पर स्थित सभी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा हथियार प्रणाली तत्वों की भागीदारी के साथ किया गया।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चल रहे नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के हिस्से के रूप में आज भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की।

### केदारनाथ रूट में फिर दर्दनाक हादसा

## बर्फ में दबकर ट्रैकर की मौत-दूसरा गंभीर



**देहरादून।** केदारनाथ ट्रैकिंग रूट पर एक बार फिर दर्दनाक हादसा हुआ है। ट्रैकिंग पर गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रैकर की हालत चिंताजनक बनी हुई है। 09 अक्टूबर को जनपद रुद्रप्रयाग में केदारनाथ-रांसी ट्रैक पर गए बंगाल के 10 सदस्यीय दल में से 02 सदस्यों का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब होने पर वे लोग ट्रेक पर ही रुक गए थे।

जबकि अन्य 08 लोग पोर्टरों सहित वापिस लौट आये थे। उक्त सूचना पर दोनों ट्रैकर्स को सुरक्षित लाने हेतु एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस टीम अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को दरकिनार कर भारी बर्फबारी में ही अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों में लगभग कई किलोमीटर लंबे ट्रैक को पैदल तय कर ट्रैकर्स तक पहुंची।अत्यधिक विषम परिस्थितियों में उच्चतुंगता क्षेत्र में गहन सर्चिंग करते हुए केदारनाथ से 12 किमी दूर महापंथ कल के पास बर्फीली चट्टानों के बीच दोनों पर्यटकों को ढूंढ निकाला। दोनों ट्रैकर्स में से एक का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब था व दूसरे की मृत्यु हो गयी थी। मृतक की पहचान आलोक विश्वास पुत्र बाबुल विश्वास, 34 वर्ष, सगुन नदिया, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।

# कांग्रेस की देश में साख नहीं बची, हिमाचल में गारंटियों पर कौन विश्वास करेगा: शाह



**धर्मशाला, एजेंसी।** जिस कांग्रेस की देश में कोई साख नहीं बची है, उसकी ओर से हिमाचल की जनता को दी जा रही दस गारंटियों पर कौन विश्वास करेगा। कांग्रेस ने केंद्र में दस साल ऐसी सरकार चलाई कि उसके घोटाले गिनने मुश्किल थे। तब 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए गए। पीएम मोदी के शासन में घोटाले ढूंढना मुश्किल हैं। यह बात बुधवार को धर्मशाला के जोरावर सिंह स्टेडियम और नादौन में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कही।

शाह ने कहा कि हिमाचल में डबल इंजन की सरकार ने खूब विकास किया है, जिसके चलते कांग्रेस के पास विकास के नाम पर कहने को कुछ नहीं है। अगले पांच सालों में हिमाचल को ड्रग्स मुक्त बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर करेंगे। मोदी ने हिमाचल को बल्क ड्रग पार्क का तोहफा दिया है। मोदी का सपना है कि हिमाचल देशभर में नंबर एक राज्य बने। शाह बोले, कांग्रेस हाईकमान ने कहा है कि हिमाचल में कुछ सीटें जीतनी पड़ेंगी। इसलिए सात-आठ सीटों पर कुछ लोगों को कहा कि जाओ भैया तुम सभी मुख्यमंत्री हो।

शाह ने कांग्रेस प्रचार कमेटी के चेयरमैन एवं नादौन से प्रत्याशी सुखविंद्र सुक्खू पर चुटकी लेते कहा कि एक व्यक्ति यहां नादौन में भी घूम रहा है, लेकिन उन्हें यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, क्योंकि यह राजा-रानी की पार्टी है।

।ाजपा ने ऐसा व्यक्ति नादौन में प्रत्याशी दिया है, जो लोगों के काम करता है। शाह ने कहा कि वीर भूमि हिमाचल में मैं जब भी आता हूं तो यहां की वीर माताओं को प्रणाम करता हूं। देश में सबसे ज्यादा यहां की माताओं ने अपने बेटे सेना में भेजकर देश की सुरक्षा को मजबूत करने का काम किया है। मोदी ने वन रैंक वन पेंशन के लिए 40 हजार करोड़ रुपये सैनिकों के खाते में डाले। शाह ने कहा कि राहुल गांधी कभी नादौन नहीं आएंगे, क्योंकि वह पद यात्रा पर हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट उसी को देना चाहिए, जो अपने काम का हिसाब दे। राजा-रानियों का जमाना जा चुका है। अब वही राज करेंगे, जो लोगों के बीच काम करेंगे। कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार के समय आलिया, मालिया और जमालिया भारत में घुस आते थे। हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते थे। 2014 में मोदी पीएम बने तो पाकिस्तान ने उरी और पुलवामा में हमले की गलती कर दी। दस दिन के भीतर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक को अंजाम देकर उनके घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया गया। तब पीएम मोदी ने पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया में एक मजबूत संदेश भेजा कि भारत की सीमा और भारत की सेना के साथ टेड़खानी करोगे तो उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

कहा कि हिमाचल में वही राज करेगा, जो लोगों की बीच काम करेगा। कांग्रेस साठ साल सत्ता में रहकर राम मंदिर नहीं बना पाई। मोदी ने दूसरे कार्यकाल में ही भव्य मंदिर की नींव डाली। कहा कि हिमाचल वालो, 2024 में अयोध्या का टिकट कटवाकर रख लो। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू से लेकर सोनिया गांधी तक परिवार की चार पीढ़ियों ने देश पर राज किया है। राहुल गांधी तो धर्मशाला आने वाले नहीं हैं। उनकी पार्टी के लोग यहां वोट मांगने जरूर आएंगे। उनसे साठ सालों का हिसाब मांगें। कहा कि नरेंद्र मोदी गुजरात में जन्मे हैं, मगर वह हिमाचल के ही बाशिंदे हैं। हिमाचल उनकी कर्मभूमि रही है।

### कांग्रेस ने 370 को साठ साल बच्चे की तरह गोद में सहलाया

साठ साल तक नेहरू की कांग्रेस ने धारा-370 और 35-ए को बच्चे की तरह गोद में सहलाया, क्योंकि उनको तुष्टिकरण की राजनीति करनी थी। कांग्रेस, सपा, बसपा और कम्युनिस्ट पार्टी के नेता संसद में बोलते थे कि धारा-370 को हाथ ड्डी लगाया तो खून की नदियां बहेंगी। मोदी को देश की जनता ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और 5 अगस्त, 2019 में इन दोनों को समाप्त कर दिया गया। तब खून की नदियां तो दूर की बात, किसी की कंकड़ दें कने की हिम्मत भी नहीं हुई।

## राजस्व पुलिस समाप्ति पर हाईकोर्ट की सख्ती

**नैनीताल।** हाईकोर्ट नैनीताल ने उत्तराखंड में राजस्व पुलिस व्यवस्था समाप्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि इस मामले में हर छह माह में प्रगति रिपोर्ट कोर्ट में पेश करे। जिसकी जांच उच्च न्यायालय स्वयं करेगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कोर्ट को बताया सरकार चरणबद्ध तरीके से पूरे राज्य में राजस्व पुलिस व्यवस्था खत्म कर रही है।

इस मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 27 मार्च की तिथि नियत की है। बुधवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कोर्ट को बताया कि पूर्व के आदेश के अनुपालन में कैबिनेट ने राजस्व पुलिस व्यवस्था को समाप्त करने के लिए 17 अक्तूबर 2022 को निर्णय ले लिया है।

# मोरबी हादसे पर ममता ने पीएम मोदी की आलोचना से किया इनकार



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का गुजरात के मोरबी में पुल हादसे पर तृणमूल कांग्रेस से अलग रुख देखने को मिला है। पुल हादसे को लेकर एक तरफ जहां टीएमसी ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था वहीं, ममता बनर्जी ने बुधवार को पीएम की आलोचना करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह हादसे में 130 से अधिक लोगों की मौत को राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहती हैं।

ममता बनर्जी बुधवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मिलने के लिए चेन्नई रवाना होने से पहले कोलकाता एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी। गुजरात उनका राज्य है। यह एक दुघद घटना है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है ।बनर्जी ने कहा, श्मेरी मोरबी जाने की ईच्छा हुई थी, लेकिन मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। लोग कह सकते थे कि मैं राज्य में चुनाव से पहले राजनीतिक करने के लिए वहां गई थी। इस घटना के लिए जवाबदेही तय की जानी चाहिए। ब्रिटिश काल के पुल के रखरख-ाव के लिए निविदा प्रक्रिया की जांच होनी चाहिए। बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के पुल को खोल दिया गया। यह मानव जीवन के साथ खिलवाड़ है।श

बंगाल की मुख्यमंत्री ने हादसे की सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (ब्ठप्) और प्रवर्तन निदेशालय (म्क) इसकी जांच क्यों नहीं कर रहे हैं? एजेंसियां हमेशा आम लोगों के पीटे पड़ी रहती हैं। ममता बनर्जी का यह इशारा कहीं न कहीं उनकी पार्टी के कई नेताओं की जांच की ओर से इशारा करते हैं।

मोरबी की घटना पर मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा था कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस राज्य (गुजरात) की निंदा करेंगे? टीएमसी ने इसके लिए प्रधानमंत्री के उस बयान को याद दिलाया जब साल 2016 में पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में निर्माणाधीन फ्लाइओवर का हिस्सा गिर गया था। इस हादसे में 20 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल भी हुए थे।

## जम्मू में बड़ी साजिश की फिराक में आतंकी, खुफिया एजेंसियों का अलर्ट- निशाने पर नेता और गैर कश्मीरी

**जम्मू ,एजेंसी ।** जम्मू-कश्मीर को लेकर खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की बड़ी साजिश का खुलासा किया है। निशाने पर नेता, गैर कश्मीरी और पूर्व सरकारी नौकर शामिल हैं ।खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, लश्कर का 1 लोकल आतंकी और 2 पाकिस्तानी आतंकियों की मूवमेंट जम्मू कश्मीर के बारामुला इलाके में ट्रैक की गई है। तीनों आतंकियों की मूवमेंट 27 अक्टूबर को भी ट्रैक की गई थी ।वहीं मंगलवार की रात को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सेना के जवानों ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों की एक और साजिश को नाकाम कर दिया है और उनके तीन आतंकियों को ढेर कर दिया।

### मोरबी पुल हादसे के बाद अलर्ट पर सरकार

# प्रदेश के सभी पुलों का सेफ्टी अडिट करने के निर्देश



**देहरादून।** गुजरात के मोरबी हादसे के बाद आखिरकार पुष्कर सिंह धामी सरकार भी नींद टूट गई। उत्तराखंड में सभी पुलों का सेफ्टी अडिट किया जाएगा। इसको लेकर सम्बन्धित शासनादेश प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग आरके सुधांशु द्वारा जारी किया गया है। इस सम्बन्ध में पूर्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये गये थे।

प्रमुख सचिव सुधांशु द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि उत्तराखंड में सेतुओं का उचित अनुरक्षण न होने, मानकानुसार तय समय पर सेफ्टी अडिट की निर्धारित समय में व्यवस्था न होने, भार क्षमता से अधिक यातायात संचालन होने, सेतुओं के समीप साईनेजेज न होने तथा सेतुओं की अत्यधिक समयावधि (निर्माण की) होने से देश एवं प्रदेश के कई महत्वपूर्ण सेतु दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, जिसमें जान-माल के नुकसान के साथ-साथ आवागमन बाधित हो रहा है।

उन्होंने प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये है कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस सम्बन्ध में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये उत्तराखंड में अवस्थित सेतुओं से सम्बन्धित अद्यतन सूचना प्रत्येक दशा में 03 सप्ताह के अन्दर शासन में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि सेतुओं के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित जनपद के जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करें ।ऐसे पुल जिनको निर्मित हुये कई वर्ष हो चुके हैं, उनमें भार क्षमता के आधार पर आवागमन सुनिश्चित किया जाय। प्रत्येक सेतु का सेफ्टी अडिट करते हुये आवश्यकतानुसार अनुरक्षण आदि का प्रस्ताव तत्काल शासन को उपलब्ध कराया जाए। सेतुओं के समीप साईनेजेज की उचित व्यवस्था की जाए। किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे ।उत्तराखंड में जर्जर पुल की वजह से कोई दुर्घटना हुई तो इसके लिए लोनिवि के अधिशासी अभियंता जिम्मेदार होंगे। लोनिवि के प्रमुख सचिव ने विभाग के एचओडी को इस संदर्भ में निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही राज्य में खतरे वाले पुलों को लेकर तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

लोनिवि के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु की ओर से प्रमुख अभियंता को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विभाग की ओर से पुलों का सेफ्टी अडिट कराया गया था। इसके साथ ही पूर्व में जिला प्रशासन के साथ समन्वय बैठक कर पुलों पर आवाजाही को लेकर निर्णय लेने के भी निर्देश दिए गए थे।

ऐसे में खतरनाक पुलों पर दुर्घटना रोकने के लिए जर्जर पुलों पर आवाजाही न कराई जाए। यदि किसी जर्जर पुल की वजह से दुर्घटना होती है जो उसके लिए संबधित डिविजन के अधिशासी अभियंता जिम्मेदार होंगे। विदित है कि राज्य में बड़ी संख्या में पुल जर्जर चल रहे हैं ।सरकार ने इन पुलों को बदलने के निर्देश दिए हैं लेकिन बजट और कई अन्य वजहों से सभी पुलों को अभी तक बदला नहीं जा सका है। हाल में गुजरात में हुई पुल दुर्घटना के बाद अब सरकार ने प्रमुख अभियंता को निर्देश दिए हैं कि पुलों के संदर्भ में स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाए। इसके साथ ही जर्जर पुलों के संदर्भ में तीन सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई है।

# लद्दाख में भी तेज हुई पूर्ण राज्य की मांग, एकजुट हुई पार्टियां



**लेह, एजेंसी।** अनुच्छेद 370 हटने के बाद अलग केंद्र शासित प्रदेश बने लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग तेजी हो गई है। यहां लेह और करगिल के लिए अलग से लोकसभा और राज्य सभा सीट और रोजगार को लेकर भी प्रदर्शन किए गए। करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस और अपेक्स बडी लेह ने संयुक्त रूप से जुलूस और प्रदर्शन का आयोजन किया था। इन दोनों ने शेरिंग दोरजे और नसीरर मुंशी के नेतृत्व एक कोर कमिटी बनाई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रैली में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। वे नारे लगा रहे थे। लेह और करगिल की सड़कों पर लोग हाथों में तिरंगा झंडा लेकर प्रदर्शन करने उतरे। बता दें कि 2019 में लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग करके केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया था। लेह में रैली की शुरुआत पोलो ग्राउंड में एक पेट्रोल पंप के पास से हुई। लोग केंद्रीय गृह मंत्री से अपनी मांगें पूरी करने की मांग कर रहे थे। दोरजे ने कहा, हम अपने अधिकार मांग रहे हैं, कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। हमारी मांग है कि लद्दाख को पूर्ण राज्य घोषित किया जाए।संविधान की 6वीं अनुसूची की तहत अधिकार दिए जाएं। युवाओं को रोजगार मिले और अलग से लोकसभा और राज्य सभा की सीट बनाई जाए।

लेह के अलावा करगिल में भी हुसैनी पार्क से लाल चौक तक रैली निकाली गई। अपेक्स बडी लेह के साथ अन्य दल भी इसमें शामिल थे। पहले भाजपा भी ऽ।ठ का ही हिस्सा थी। हालांकि अब भाजपा इससे अलग हो गई है। वहीं केडीए कई राजनीतिक और धार्मिक दलों का संगठन है। बता दें कि 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलग अलग यूनियन टेरिटरी बनाया गया। जम्मू-कश्मीर को विधानसभा के साथ केंद्र शासित प्रदेश में शामिल किया गया।

# बहुउद्देशीय शिविर में 20 बीपीएल, 4 जॉब कार्ड जारी किये

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : समाज कल्याण एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्रीय जनता को उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में समाज कल्याण अन्य विभागों के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज ल्वारा में तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के 32, विधवा के 3, दिव्यांगता का 1, परित्यागता का 1 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा बीपीएल के 20 तथा 4 जॉब कार्ड निर्गत किए गए। पंचायती राज विभाग द्वारा 22 परिवार रजिस्टर की नकल एवं 13 जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। इसी तरह राजस्व विभाग द्वारा 27 लोगों को खसरा खतौनी, 10 आय प्रमाण-पत्र, 10 जाति प्रमाण-पत्र, 10 स्थाई निवास प्रमाण पत्र तथा 10 प्रमाण-पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही की गई। बहुउद्देशीय शिविर में समाज कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लाभार्थी उपस्थित थे।



## पहले की तरह तत्परता का अभाव खलता है : उनियाल

देहरादून । उत्तराखंड के मूर्धन्य पत्रकार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित विश्वम्भर दत्त चंदोला के 143वें जन्म दिवस पर बुधवार को तीन वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सहस्रधारा रोड स्थित विश्वम्भर दत्त चंदोला अध्ययन एवं शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सोमवारी लाल उनियाल 'प्रदीप, जयसिंह रावत और भगीरथ शर्मा को सम्मानित किया गया।

वन एवं भाषा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि आज चाहे पत्रकार हों या राजनेता, उनमें पहले जैसी तत्परता और कार्यनिष्ठा का अभाव खलता है। उनियाल ने कहा कि चंदोला के पत्रकारिता मिशन के जज्बे से सीखने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि रायपुर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ ने कहा कि अक्सर बौद्धिक कार्यक्रमों में नया सीखने को तो मिलता ही है, साथ ही सामाजिक संघर्षों के पुरोधाओं से प्रेरणा भी प्राप्त होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शोध संस्थान के अध्यक्ष ओपी सकलानी और संचालन लोकेश नवानी एवं विजयेश नवानी ने किया।

# चिपको आंदोलन की वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन को सौंपी जिम्मेदारी

चमोली : पेड़ों को कटने से बचाने और धरती को हरा-भरा बनाने के लिए उत्तराखंड की धरती से शुरू हुए चिपको आंदोलन के 50 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में केदार घाटी के रामपुर न्यालसु (रुद्रप्रयाग) में 24 व 25 दिसंबर को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के सफल संचालन तथा क्षेत्र के पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु प्रमोद सिंह की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। जिसमें शैलेंद्र सिंह गजवाण को उपाध्यक्ष, अजय प्रताप सिंह को सचिव, राजेश चौहान को कोषाध्यक्ष तथा रोबिन सिंह को प्रचार प्रमुख चुना गया।

यह जानकारी देते हुए सीपी भट्ट पर्यावरण एवं विकास केन्द्र के विनय सेमवाल ने बताया कि चिपको आंदोलन के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चिपको की मातृ संस्था दशोली ग्राम स्वराज्य मण्डल तथा सीपी भट्ट एवं पर्यावरण एवं विकास केंद्र तथा ग्राम सभा न्यालसु के तत्वावधान में रामपुर में ह्रचिपको आंदोलन के पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए ग्राम प्रधान न्यालसु प्रमोद सिंह की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की तैयारी के आयोजित गोष्ठी में चण्डी प्रसाद भट्ट पर्यावरण एवं विकास केंद्र के प्रबंध न्यासी ओम प्रकाश भट्ट ने सर्वोदयी नेता केदार सिंह को श्रद्धांजलि ज्ञापित करते हुए उनके द्वारा क्षेत्र के लिए किये गए सामाजिक कार्यों के साथ ही रामपुर, फाटा, मैखडा तथा सेरसी के जंगलों को बचाने के लिए चले चिपको आंदोलन में उनकी भूमिका पर जानकारी दी। बताया कि केदार सिंह रावत के नाम से पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को ह्रकेदार सिंह रावतह्व पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं। गोष्ठी में पूर्व प्रधान विक्रम सिंह रावत ने चिपको आंदोलन के नेता केदार सिंह रावत ने समाज एवं पर्यावरण के प्रति सफल नेतृत्व किया। इस अवसर पर खुशाल सिंह रावत, दयानंद, प्रयाग दत्त, प्रताप सिंह, गजाधर सेमवाल ने शांति प्रकाश रावत, रोबिन सिंह, प्रमोद सिंह रावत, शैलेंद्र सिंह गजवाण, डॉ अजय चौहान, त्रिलोक सिंह, गोपाल सिंह, अजय प्रताप, विपुल रावत, रणजीत सिंह, कीरत सिंह, विमल सिंह, संदीप गजवाण, सुंदर सिंह, अनूप सिंह, राजेश चौहान, खुशाल सिंह, मंगल सिंह नेगी ने अपने विचार रखे। (एजेन्सी)

# ढकरानी में 4.39 करोड़ की लागत से बनने वाली नलकूप योजना का शिलान्यास

विकासनगर। ढकरानी के ग्रामीणों को अब भविष्य में पेयजल किल्लत से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। जल जीवन मिशन के तहत विधायक मुन्ना चौहान ने बुधवार को ढकरानी में 4.39 करोड़ की लागत से बनने वाली नलकूप योजना का शिलान्यास किया। योजना के तहत गांव में नई पेयजल लाइनें भी बिछाई जाएगी। आबादी के लिहाज से विकासनगर ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत ढकरानी में गर्मी के मौसम में अक्सर पेयजल संकट गहरा जाता है। करीब बीस हजार की आबादी वाले ब्लॉक के निचली बस्तियों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता है, जिससे लो प्रेशर की समस्या भी बनी रहती है। विधायक ने कहा ग्रामीणों की समस्या को देखते नई नलकूप योजना स्वीकृत की गई है। बताया कि संबंधित अधिकारियों को गर्मी के मौसम तक योजना पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विकासनगर विधान सभा क्षेत्र के गांवों में 150 करोड़ की लागत से पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा है। अधिकांश योजनाओं का अस्सी प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।



## कृषि उद्यान एवं पर्यटन विकास मेला 4 से, तैयारियां जोरों पर

चमोली : प्रखंड मुख्यालय पर कल से प्रारंभ होने वाले कृषि उद्यान एवं पर्यटन विकास मेले की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। 4 नबंवर से 7 नबंवर तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन 4 नबंवर को सीएम पुष्कर सिंह धामी के द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी मेला सचिव बीडीओ गैरसैंण बी पंत ने दी। बताया कि इस दिन दोपहर बाद संगीता ढौंडियाल तथा उनकी टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। वही 5 नबंवर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष महेन्द्र भट् होंगे। शाम की संध्या सरिता बैनोला के नाम रहेगी। 6 नबंवर को मेले के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल तथा शाम के कार्यक्रम कर्ण भूमि कला मंच कर्णप्रयाग व धनश्याम गैराला के नाम रहेगा। 7 नबंवर को मेले का उद्घाटन विस अध्यक्ष रितु भूषण खंडूरी करेगी। उसके बाद जय पाथावार नंदा गढ़ ज्योति कला मंच एवं मृणाल रतूड़ी अपनी प्रस्तुतियां पेश करेंगे।

# ओंकारेश्वर मंदिर के शीर्ष पर विधिवत स्थापित किया कलश

रुद्रप्रयाग : बाबा केदारनाथ के शीतकालीन पूजा स्थल ओंकारेश्वर मंदिर के शीर्ष पर बुधवार को कलश स्थापित किया गया। जिसे पौराणिक परम्परा के अनुसार हकहकूकधारी मंगोली गांव के धर्म्वाणों द्वारा स्थापित किया गया। बीते कई वर्षों से ओंकारेश्वर मन्दिर के शीर्ष पर स्थित छतरी जीर्णशीर्ण हो गयी थी जिसका पुनर्निर्माण करने की मांग स्थानीय लोग लंबे समय से कर रहे थे।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की पहल पर लगभग साढ़े छह लाख की लागत से इसका जीर्णोद्धार किया गया। बुधवार को छतरी निर्माण पूर्ण होने के बाद विधिवत कलशों का शुद्धिकरण किया गया। जिसके बाद परम्परानुसार धर्म्वाणों द्वारा इसे मंदिर के शीर्ष पर स्थापित करने के बाद वृषभ ध्वज लगाया गया। यह है परम्परा- केदारनाथ, मदमहेश्वर, ओंकारेश्वर, तुंगनाथ, विश्वनाथ मंदिर सहित 22 मंदिरों को कलशों को बदलने का हकहकूक केवल मंगोली गांव के धर्म्वाणों को प्राप्त है। इसलिए जब भी कलशों को बदला जाता है तो मंदिर प्रशासन द्वारा इन्हें सूचित किया जाता है। इससे पूर्व लगभग 47 वर्ष पूर्व छतरी का जीर्णोद्धार किया गया था। इस मौके पर ईओ रमेश चन्द्र तिवारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आरके नौटियाल, पुजारी गंगाधर लिंग, शिवलिंग, सभासद प्रदीप धर्म्वाण, एई गिरीश चन्द्र देवली, विश्वमोहन जमलोकी, राजेंद्र धर्माण, नवीन मैठाणी, मदन धर्म्वाण, अनिल धर्म्वाण, ईश्वर लिंग, अभिषेक धर्म्वाण, विशेश्वर शैव आदि थे। (एजेन्सी)



## एक नजर

### मोबाइल और जनरल स्टोर में हुई चोरी में दो युवक गिरफ्तार

देहरादून। मोबाइल और जनरल स्टोर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों ने राजीवनगर और आराघर के पास स्थित दुकान में चोरी की। गिरफ्तार चोरों में एक सोशल साइटों पर रैप करता है। दूसरा होटल में नौकरी करता है। पुलिस अधीक्षक देहात सरिता डोबाल ने प्रेस वार्ता कर घटना खुलासे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 अक्तूबर को नवीन राणा की राजीवनगर स्थित मोबाइल दुकान से चोरी हुई। चोर आठ महंगे फोन और अन्य सामान चुरा ले गए। जांच फव्वारा चौक चौकी इंचार्ज बलवीर डोभाल को सौंपी गई। पुलिस ने छह नंबर पुलिया के पास से दो आरोपी गिरफ्तार किए। दोनों से चोरी किया सामान बरामद किया है। आरोपियों की पहचान शिवम पंवार (21) निवासी बद्रीश कॉलोनी धर्मपुर और गौरव रावत उर्फ गौरी (19) निवासी अपर राजीवनगर के रूप में हुई। आरोपियों ने 27 अक्तूबर की रात आराघर स्थित दुकान में भी चोरी की। यहां से चोरी किए गए सिगरेट की डब्बे पुलिस ने बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर नेहरू कॉलोनी मुकेश त्यागी ने बताया कि गौरी रैपर है और शिवम होटल में काम करता है।

### कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उठाए जा रहे हैं अनैतिक लाभ : अनुपम खत्री

देहरादून। यूकेडी के केंद्रीय प्रवक्ता अनुपम खत्री ने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कुछ विभागों में अधिकारी कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अनैतिक लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि जीरो टॉलरेंस के वायदे को निभाएं और जालसाजों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए। केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अनुपम खत्री ने कहा कि यूकेडी भ्रष्टाचार के मामलों को निरंतर जनता के सामने ला रही है। आरोप लगाया कि राज्य गठन के बाद भाजपा और कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर रहा है। अभी राज्य संपत्ति विभाग में कुछ अधिकारियों की ओर से कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अनैतिक लाभ उठाए जा रहे हैं।

# उत्तराखंड मातृभाषा उत्सव में प्रदेश के सभी जिलों से छात्र—छात्राओं ने दिखाया हुनर

देहरादून। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से आयोजित उत्तराखंड मातृभाषा उत्सव में राज्य की विभिन्न बोली—भाषाओं का समागम देखने को मिला। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने जागर, लोकगीत, लोक कथा और नाटक के जरिए अपनी प्रस्तुतियां दी। रिंग रोड स्थित किसान भवन में आयोजित दो दिवसीय मातृभाषा उत्सव का शुभारंभ शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने डिजिटल माध्यम से किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम लोकभाषाओं को जीवित और संरक्षित करने में कारगर सिद्ध होगा। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से आए कक्षा तीन से आठवीं तक के छात्र— छात्राओं ने अपनी—अपनी भाषाओं में नाटक, गायन, लोककथाओं की प्रस्तुति दी। इसमें गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी, रंवाल्टी, बंगाणी, पंजाबी, नेपाली, कौरवी, मार्छा और जाड़ जैसी 17 बोली – भाषा शामिल हैं। प्राथमिक विद्यालय जयहरीखाल, पौड़ी की छात्रा चित्रा पाठक ने कुमाउंनी लोकगीत और हरिद्वार के छात्रों ने कौरवी भाषा में नाटक से सबको मंत्रमुग्ध किया। इससे पूर्व पद्माधुरी बड़थ्वाल ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया।

इस मौके पर सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 की मंशा के अनुरूप कक्षा तीन से आठ तक के छात्रों में मातृभाषाओं के प्रति सम्मान की भावना पैदा करना है। एससीईआरटी निदेशक सीमा जौनसारी ने कहा कि प्रदेश की विलुप्त होती भाषाओं पर जमीनी स्तर पर कार्य किये जाने की आवश्यकता है।



## छात्र–छात्राओं को बताई डाक विभाग की योजनाएं

देहरादून। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आरआईएमसी और ज्ञानंदा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र–छात्राओं ने जीपीओ पहुंचे। यहां उनको डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सीनियर पोस्ट मास्टर टीएस गुसाईं ने पोस्टल ऑपरेशन, बचत खाता खोलने, सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में बताया। वहीं, डाक विभाग के स्वच्छता अभियान 2.0 के तहत उत्तराखंड के 404 डाक कार्यालय और डाकघरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसकी निगरानी डाक महानिदेशालय नई दिल्ली की ओर से की गई। इस दौरान विभिन्न डाक घरों में हर्बल गार्ड और फुलवारियां का निर्माण भी करवाया गया।

# परमात्मा पर विश्वास करने से जीवन हो जाता है सफल: चमोली

विकासनगर। पछुवादून गढ़वाल सभा की ओर से दिनकर विहार स्थित सभा भवन में आयोजित श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ के तहत बुधवार को कथा व्यास ने भगवान के भक्ति की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में सबसे बड़ा धन राम नाम है। कथा व्यास प्रमोद चमोली ने कहा कि परमात्मा पर अगर विश्वास करोगे तो भव से पार हो जाओगे। हमें भगवान से कभी कुछ भी नहीं मांगना चाहिए। स्वयं भगवान को ही मांगने से जीवन सुधरने के साथ ही परलोक भी सुधर जाएगा। बताया कि प्रेम भाव से यज्ञ किया जाए तो वह सफल होता है, लेकिन छल–कपट कर कोई काम किया जाए तो वह काम असफल होता है। सबसे बड़ा धन भगवान का नाम है। जिसके पास रामनाम रूपी धन है वही सबसे बड़ा धनवान है। कथा व्यास ने कहा कि हर काम के साथ राम का नाम जोड़ दो तो वह पूजा बन जाता है। संतों का आशीर्वाद हमको मिला है। तभी तो हम राज कर रहे हैं, खुशी से हंस रहे हैं। हमें संतों से कभी हानि नहीं होती है। हमेशा फायदा ही फायदा होता है। हम कई जन्मों से श्री कृष्ण से जुड़े हैं तभी तो हमारा मन आज भी कृष्ण की कथा सुनने में लगा हुआ है। अगर गोपाल को भाव से, प्रेम से बुलाते हैं तो वह भी हमारे घर मेहमान के रूप में आ ही जाते हैं। परमात्मा सबको देखता है सबकी सुनता है उसकी नजर सब पर है।

# चकराता में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

विकासनगर। चकराता छावनी के लोगों को बंदरों के आतंक से निजात नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्रवासियों की मांग के बाद भी छावनी प्रशासन इस ओर आंखे मूंदे हुए है। बंदरों के आतंक से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। चकराता छावनी क्षेत्र में सालों से बंदरों ने अपना डेरा जमाया हुआ है। पिछले चार माह से बंदरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। वर्ष 2009 में छावनी परिषद ने बंदरों को पकड़वा कर बादशाही बाग के जंगलों में छोड़ दिया था, जिसके बाद लोगों को कुछ राहत मिली थी। लेकिन अब पिछले कई महीनों से बंदरों की तादाद में एकाएक बढ़ोतरी हुई है, जिससे इनका आतंक बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि बंदरों ने लोगों का सड़क पर चलना भी मुश्किल कर दिया है।

कैंट के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज जैन, व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर चौहान, सुनील जैन, कुंवर सिंह चौहान, गोपाल तोमर, रविश अरोड़ा, विनय शर्मा, राजकुमार मेहता का कहना है कि बंदरों के आतंक का आलम यह है कि वह दुकानों और घरों से सामान उठा कर ले जाते हैं। साथ ही सड़क से गुजर रहे राहगीरों पर भी हमला कर देते हैं। लोगों के हाथ से सामान छीनना आम बात हो गयी है।

## गुलदार के आतंक से लोगों में दहशत

विकासनगर। त्यूणी तहसील क्षेत्र के शूनीर गांव में इन दिनों गुलदार के आतंक से लोग दहशत में हैं। शूनीर और उसके आसपास के दारागाड़, चिल्हाड़, सिलवाड़ा, डिमिच, कांडा गांवों में कई पालतू पशुओं को गुलदार अपना निवाला बना चुका है। गुलदार ने शूनीर निवासी इस्माइल के एक घोड़ा, एक गाय, एक बैल को अपना निवाला बनाया। आवासीय बस्ती के नजदीक गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय महावीर सिंह रावत, संजय चौहान, मनोज बिजल्वाण, प्रवीण कुमार ने बताया कि गुलदार के आतंक से लोगों का अंधेरा होते ही घर के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

# मॉक अभ्यास से सम्बन्धित टेबल टॉप अभ्यास बैठक का आयोजन

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान की उपस्थिति में औद्योगिक आपात स्थिति पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। इसमें टेबल टॉप अभ्यास के जरिये औद्योगिक क्षेत्र में संभावित आपदाओं से बचाव और राहत कार्य शुरू करते हुए जनहानि कम करने पर चर्चा हुई। पूर्व में ही सुरक्षा उपाय करने पर जोर दिया गया।

बैठक में सीडीओ ने आईआरएस सिस्टम से जुड़े अधिकारियों को संभावित आपदा के दौरान उनके दायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम प्रशासन डॉ. शिव कुमार बरनवाल, एसडीएम ऋषिकेश नंदन कुमार, विकासनगर विनोद कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कमलेश उपाध्याय, प्रयोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आरसी तिवारी, एसीजीडी एनडीआरएफ अजय पंत और डीसी–जीडी रविशकंर बधानी, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चौधरी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश चैहान, जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ. राहुल सचान, सहायक निदेशक सूचना बीसी नेगी, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला पंचायतीराज अधिकारी एमएम खान, निरीक्षक एनडीआरएफ अरविंद कुमार, मंयक कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. दीपशिखा रावत आदि मौजूद रहे।



# सीएम धामी ने सौंपा कांस्टेबल स्व० प्रदीप कुमार की पत्नी को एचडीएफसी बैंक की ओर से 50 लाख रुपए का चेक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांस्टेबल स्वर्गीय प्रदीप कुमार की पत्नी दीपमाला को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में 50 लाख रुपए का चेक सौंपा। यह चेक एचडीएफसी बैंक की ओर से कांस्टेबल स्वर्गीय प्रदीप कुमार की पत्नी को दिया गया। प्रदीप कुमार का वेतन अकाउंट एचडीएफसी बैंक में संचालित था, जबकि उनका कोई अंशदान भी नहीं कट रहा था। उधमसिंह नगर के निवासी कांस्टेबल प्रदीप कुमार विकासनगर क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात थे। 15 मई 2022 को उनकी दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।



मुख्यमंत्री ने डीजीपी अशोक कुमार को निर्देश दिए कि कुछ ऐसी सुदृढ़ व्यवस्था की जाय कि ऐसी घटना होने पर जवानों के परिवारजनों को कुछ आर्थिक मदद मिल सके।

## आगामी शीतकालीन सत्र देहरादून में आयोजित करवाने का अनुरोध

देहरादून। खानपुर विधायक उमेश कुमार तथा लक्सर विधायक शहजाद ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर विधानसभा का आगामी शीतकालीन सत्र देहरादून में आयोजित करवाने का अनुरोध किया है। खानपुर विधायक उमेश कुमार ने 1 नवम्बर 2022 को प्रेषित अपने पत्र में मुख्यमंत्री धामी से अनुरोध किया है कि उत्तराखण्ड में आमजन की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकालीन विधानसभा सत्र को गैरसैंण तथा शीतकालीन विधानसभा सत्र देहरादून में संपन्न कराया जाए।

# उत्तराखंड विक्रम टेम्पो महासंघ ने विरोध जताया

ऋषिकेश। ऑटो–विक्रम के परमिट को डीजल से बदलकर सीएनजी में किए जाने के फैसले का उत्तराखंड विक्रम टेम्पो महासंघ ने विरोध जताया है। कहा कि इस फैसले को लागू करने से पहले सभी क्षेत्रों में सीएनजी पंप खुलवाए जाएं। चेताया कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो महासंघ आंदोलन पर उतरने के लिए बाध्य होगा। बुधवार को उत्तराखंड विक्रम टेंम्पो महासंघ ने हरिद्वार मार्ग स्थित कार्यालय में बैठक की। महासंघ अध्यक्ष मंहत विनय सारस्वत ने कहा कि अभी तक सभी क्षेत्रों में सीएनजी के फिलिंग स्टेशन नहीं है। ऐसे में डीजल से चलने वाले विक्रम, ओटो जैसे वाहनों को सीएनजी में परिवर्तित करने से चालकों के समक्ष परेशानियां उत्पन्न होंगी। ऋषिकेश–हरिद्वार के बीच मात्र एक ही सीएनजी पंप है। जबकि यहां कम से कम 15 सीएनजी पंप होने चाहिए, तब जाकर सीएनजी से चलने वाले विक्रम और ऑटो का सही तरीके से संचालन हो पाएगा।

कहा कि पूर्व में सरकार ने विक्रम और ऑटो को चरणबद्ध तरीके से 15 वर्ष आयु सीमा के बाद सीएनजी परमिट में तब्दील करने की सहमति दी थी।

## बाबा का तृतीय जन्मोत्सव चार को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से बाबा श्री श्याम के तृतीय जन्मोत्सव के अवसर पर 4 नवंबर को नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में भजन गायक राजू हंस, देवांशी सोलंकी और गोपाल प्रजापति बाबा का गुणगान भजनों के माध्यम से करेंगे। स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। यह जानकारी समिति सचिव मनोज कंसल ने दी।

## संजीव नेगी ने बने अध्यक्ष

कोटद्वारः उत्तराखंड पेयजल निगम महासंघ की ओर से महानगर कोटद्वार इकाई का गठन किया गया। जिसमें संजीव नेगी को अध्यक्ष व राजेंद्र सिंह को नगर सचिव की जिम्मेदारी दी गई। प्रांतीय अध्यक्ष विजय प्रसाद खाली ने बताया कि कोषाध्यक्ष उमेश चंद्र व संगठन मंत्री नितिन कुमार को बनाया गया। इस मौके पर संदीप रावत, नागेंद्र सिंह, अंकित कंडवाल, हरीश ध्यानी, हेमलता पांडेय, देवेंद्र राय, अमित कुमार, कमल सिंह, भारतेंदु आदि मौजूद रहे।

# हत्या का मुकदमा दर्ज करने पर जताया रोष

- ◆26 अक्टूबर को कीटनाशक खाने से हुई थी विवाहिता की मौत
- ◆ससुराल पक्ष ने पुलिस पर बिना जांच मुकदमा दर्ज करने का लगाया आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** 26 अक्टूबर को जीवानंदपुर क्षेत्र में कीटनाशक खाने से हुई विवाहिता की मौत के मामले में ससुराल पक्ष ने पुलिस पर बिना जांच कि हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस ने अस्पताल में उपचार के लिए पहुंची विवाहिता के बयान भी दर्ज नहीं किए। पुलिस ने मृतिका की मां की झूठी तहरीर पर पति पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया। जबकि, विवाहिता को बचाने के लिए ससुराल पक्ष ने हर संभव प्रयास किए।

बताते चलें कि बीती 26 अक्टूबर को खूनीबड़ निवासी अनीता देवी की कीटनाशक का सेवन करने से मौत हो गई। 27 अक्टूबर को मृतका की मां प्रतिमा देवी की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया था। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज क्षेत्रवासियों ने कोतवाली में पहुंचकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। ससुराल पक्ष का आरोप था कि उन्होंने अनीता का किसी भी तरह से उत्पीड़न नहीं किया। अनीता ने स्वयं ही कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या की है। बताया कि वह अनीता को निजी वाहन से उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय में लेकर भी पहुंचे थे। इस दौरान सूचना के बाद भी पुलिस ने अनीता के बयान दर्ज नहीं किए। ऐसे में अब ससुराल पक्ष पर हत्या का मुकदमा दर्ज करना ठीक नहीं है। कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद ही कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए। पुलिस ने कहा कि जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर पर पार्षद सौरभ नौडियाल, पार्षद कमल सिंह, अनूप सिंह नेगी, दिलावर सिंह सहित कई महिलाएं मौजूद रही।



कोटद्वार कोतवाली में विवाहिता की मौत के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज करने पर आक्रोश जताते रोष

### पति की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष

वहीं, अनीता देवी के मायके पक्ष ने हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपितयों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हु जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। कहा कि पुलिस मुकदमा दर्ज होने के बाद भी जांच में लापरवाही बरत रही है। जबकि, अनीता के हत्यारे अब भी खुलेआम घूम रहे हैं।

## अरूण नैथानी बने नगर अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटद्वार इकाई की ओर से एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रथम सत्र में विभाग संगठन मंत्री पौड़ी शाश्वत खंडूड़ी ने सैद्धांतिक भूमिका एवं विकास, दूसरे सत्र में प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने नर सेवा नारायण सेवा व तृतीय सत्र में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ऋतांशु कंडारी ने अभाविप के 75 वर्ष पर व्याख्यान दिया।

इस दौरान अरुण नैथानी को नगर अध्यक्ष, मयंक विश्नोई को नगर मंत्री, अनुराग थापा को कॉलेज इकाई अध्यक्ष और विकास कुमार को इकाई मंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में परिषद व राष्ट्रीय कला मंच आयाम की ओर से दपावली पर आयोजित आन लाइन रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में शिल्पा रावत ने पहला, नंदिनी गुप्ता ने दूसरा, तानिया थापा ने तीसरा, साक्षी नेगी ने चौथा और साक्षी देवरानी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया था।

## मृतक गजेंद्र के परिवार को दें अर्थिक मदद

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन



परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड नंबर-36 लोकमणीपुर नयागांव निवासी मृतक गजेंद्र सिंह के परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की है। कहा कि कुछ दिन पूर्व बदमाशों ने गजेंद्र सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। गजेंद्र की मौत से परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

बुधवारको युवा कांग्रेस ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि कुछ दिन पूर्व बदमाशों ने गजेंद्र सिंह के साथ मारपीट की की। देहरादून के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। बताया कि गजेंद्र परिवार की आजीविका चलाता था। उसकी पांच नादान बेटियां है। गजेंद्र के चले जाने से परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कहा कि परिवार की मदद के लिए शासन-प्रशासन को उन्हें आर्थिक मदद मुहैया करवानी चाहिए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री रूपेंद्र सिंह नेगी, बलवीर सिंह रावत, प्रवेश रावत, पूजा देवी, विवेक शाह, राकेश बिष्ट, नीलम रावत, राकेश बिष्ट, विवेक आदि मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष से मिले जिलाधिकारी

### कोटद्वार शहर के विकास को लेकर हुई वार्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पौड़ी के नवनियुक्त जिलाधिकारी आशीष चौहान ने कार्यभार संभालने के बाद उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष व कोटद्वार विधायक ऋतु खंडूडी भूषण से देहरादून में उनके शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सबसे आवश्यक कार्य है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में संचालित योजनाओं को समय पर पूर्ण करने एवं नई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कदम उठाने के संबंध में विभागों की समीक्षा करें। विधायक ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त जिलाधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद कोटद्वार में विकास के कार्यों को गति मिलेगी। जिलाधिकारी आशीष चौहान ने भी विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोटद्वार क्षेत्र का विकास, कानून व्यवस्था को मजबूत करना एवं स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।



विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से मिलते जिलाधिकारी

## 2022 के प्रावधानों का पालन जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : विकास भवन सभागार में जनपद के समस्त विकासखंडों में कार्यरत मनरेगा कनिष्ट अभियंताओं(जेई) की मनरेगा की विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में नई दरों एवं विकास कार्यों के बेहतर संपादन के संबंध में संक्षिप्त प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने प्रतिभाग करते हुए सभी कनिष्ट अभियंताओं को निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग की मनरेगा कार्यों के संबंध में जारी की गयी नई दरों और संबंधित सेक्योर सॉप्टवेयर में अपडेट करने की प्रक्रिया के अनुरूप कार्यों का संपादन करेंगे। उन्होंने कहा कि एस्टिमेट, एमबी इत्यादि बनाते समय मास्टर सर्कुलर 2022 के प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इस दौरान जिला अभियंता भगवती प्रसाद मैठाणी सहित मनरेगा कनिष्ट अभियंता उपस्थित रहे।

# गोखले मार्ग करवाया खाली, अतिक्रमणकारियों को चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस की ओर से बुधवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने गोखले मार्ग को खाली करवाते हुए अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी। कहा कि गोखे मार्ग को पह-ड़ से आने वाले वाहनों के लिए वन-वे बनाया गया है। ऐसे में अतिक्रमण के कारण वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती है।

### शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चलाया अभियान

बुधवार सुबह पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी व यातायात निरीक्षक शिव कुमार के नेतृत्व में टीम ने गोखले मार्ग में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने अतिक्रमण हटाते हुए रेहड़ी-ठेली व फड वालों को दोबारा मार्ग पर नहीं आने की चेतावनी दी। बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गोखले मार्ग को पहाड़ से आने वाले वाहनों के लिए वन–वे बनाया गया है। लेकिन, मार्ग पर रेहड़ी–ठेली व फड लगने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि कोई भी रेहड़ी-ठेली या फड संचालक मार्ग पर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही व्यापारियों व वाहन चालकों से भी अपने वाहनों को सड़क किनारे सफेद पट्टी के बाहर खड़ा करने की अपील की गई। कहा कि सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।



अभियान के दौरान व्यापारी व वाहन चालकों से वार्ता करते पुलिस अधिकारी ।

# शिविर में 38 यूनिट रक्त हुए एकत्रित

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से आयोजित किया गया रक्तदान शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की ओर से कार सेवक कोठारी बंधुओं की स्मृति में बेस अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 38 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदान शिविर का आरंभ क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूड़ी के जन संपर्क अधिकारी मणिराम शर्मा व प्रशांत कुकरेती ने कोठारी बंधुओं के चित्र पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इस दौरान मणिराम शर्मा ने सभी लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करके हम किसी को नई जिंदगी दे सकते हैं। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। शिविर में 38 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के दौरान विहिप के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दीपक गौड़, जितेंद्र बेबनी, मनोज शाह, सचिन नेगी, अंकित नेगी, सुनील अग्रवाल, आशु सतीजा, दिनेश शर्मा, रेखा रावत और राजेंद्र बिष्ट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोटद्वार बेस अस्पताल में रक्तदान करते विहिप कार्यकर्ता।

# सड़क पर पलटी बाइक, युवक की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः सतपुली बैजरो मोटर मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही बस से बचने के चक्कर में एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चला रहे युवक की मौत हो गई। जबकि, बाइक में बैठे युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बैजरो निवासी शिवा नेगी अपने मित्र सौरभ गुसाईं के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर पोखड़ा स्थित महाराजा अग्रसेन हिमालयन विश्व विद्यालय जा रहा था।

इसी दौरान पोखड़ा बैंड के समीप विपरीत दिशा से आ रही बस से बचने के चक्कर में मोटरइसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। सड़क पर सिर लगने से शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोखड़ा पहुंचाया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सतपुली अस्पाल पहुंचाया गया। लेकिन, अस्पताल में कुछ देर उपचार के बाद ही शिवा की मौत हो गई। जबकि, सौरभ का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### हेलमेट होता तो बच जाती जान

दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बाइक चला रहे शिव ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। जिससे उसका सिर सड़क पर टकरा गया। बताया कि यदि शिव ने हेलमेट पहना होता तो उसके सिर पर गंभीर चोट नहीं आती। जिससे उसकी जान बच सकती थी। वहीं, बाइक सवार सौरभ को भी चोट आई हुई है।

# आंगनवाड़ी केंद्रों को निकटवर्ती प्राथमिक विद्यालयों में शिफ्ट करें : सीडीओ

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी :** मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यदि व्यवहारिक रूप से एवं बच्चों की सुविधाओं के अनुकूल रूप से ठीक रहे तो आंगनवाड़ी केंद्रों को निकटवर्ती प्राथमिक विद्यालयों में शिफ्ट करें, जिससे शिक्षा विभाग की मूलभूत सुविधाओं का लाभ भी बाल विकास विभाग की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को निर्देशित किया कि बाल विकास विभाग सहित अन्य सहयोगी विभागों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों पर जो भी सुविधायें दी जाती हैं उनकी सूची संबंधित गोद लेने वाले अधिकारियों से साझा करें। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भी विभिन्न पंजिकाओं में विवरण दर्ज करने तथा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का प्रशिक्षण भी प्रदान करें।

मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ''मेरी आंगनवाड़ी मेरी पहचना'' अभिनव प्रयास के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लिये जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी विकास भवन सभागार में उपस्थित रहे जबकि विकासखंड स्तर के अधिकारी व कर्मचारी सहित फील्ड के कार्मिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चे के जीवन की शुरूआती अठखेलियां और क्रियाकलापों की स्थली होती है। बच्चों, महिलाओं और किशोरियों के सर्वांगीण स्वास्थ्य जोखिमों, पोषण समस्याओं, मानसिक और संज्ञानात्मक उलझनों के निदान व उसके बेहतर प्रबंधन के प्राथमिक केंद्र होते हैं। उन्होंने केंद्रों पर अनुपूरक पोषाहार, स्कूल पूर्ण शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा सुविधाओं को बेहतर तरीके से प्रदान करने को कहा।




मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग जितेंद्र कुमार ने योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि संबंधित केंद्रों को गोद लेने वाले अधिकारी अपने विजन से आंगनवाड़ी केंद्रों पर कोई बेहतर इनोवेटिव प्रयास भी कर सकते हैं। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु यदि कोई बेहतर आइडिया हो तो उसको भी शामिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र पर बच्चों और महिलाओं को जागरूक करना चाहिए। नोडल अधिकारियों को केंद्र में मेन्यू, टीकाकरण, पका भोजन, टेक होम राशन, संस्थागत प्रसव हेतु पंजीकरण, बाल लिंगानुपात सुधार से संबंधित कार्यों और इससे जुड़े दस्तावेजों की जांच करनी होगी तथा उसी के अनुरूप अपनी रिपोर्ट दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित नोडल अधिकारियों को बच्चों और महिलाओं से जुड़ी हुई अन्य योजनाओं यथा आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नन्दा गौरा देवी योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला शक्ति केंद्र, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट इत्यादि योजनओं की प्रगति को भी बेहतर करने के संबंधित नोडल अधिकारियों से करने की अपेक्षा रहेगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, मुख्य शिक्षाधिकारी आनंद भारद्धाज, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र सिंह चौधरी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. पीएस बिष्ट, जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक महर के साथ 95 वर्षीय भट्ट भी धरने में बैठे

पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़, संवाददाता। अशोकनगर–बेलतड़ी सड़क निर्माण की मांग को लेकर दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। विधायक मयूख महर के साथ 95 वर्षीय एक बुजुर्ग और महिलाओं ने सरकार के खिलाफ हुंकार भरते हुए धरना दिया।

उन्होंने कहा कि 16 साल बाद भी सड़क का निर्माण पूरा नहीं होना विकास की पोल खोल रहा है। आखिर कब लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी।

बुधवार को विधायक महर के नेतृत्व में ग्रामीण लोनिवि कार्यालय में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने शासन–प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और बाद में धरने में बैठ गए। विधायक महर के साथ दूसरे दिन 95 वर्षीय पूर्व प्रधान रेबाधर भट्ट, प्रधान क्षारबन मनोज सिंह, खड़क चंद्र, दान सिंह, माधव सिंह धरने में बैठे।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी आठ गांवों के हजारों लोग सड़क सुविधा से महरूम हैं। ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग उठा रहे हैं। इसके बावजूद सरकारी तंत्र उन्हें झूठा आश्वासन दे रहा है। महिलाओं ने कहा सड़क न होने से बीमारों व गर्भवतियों को डोली के सहारे अस्पताल पहुंचाना पड़ रहा है। बावजूद इसके उनका दर्द देखने वाला कोई नहीं है।

ग्रामीणों ने कहा जब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो जाता वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष त्रिलोक महर, महेन्द्र लुंठी, गौरव महर, संतोष गोस्वामी, नीलम भट्ट, नीतू भट्ट, देवकी भट्ट, सरस्वती भट्ट, दयाकृष्ण भट्ट, बसंत भट्ट, दीपक सिंह, मनोज महर, रेवाधर भट्ट आदि उपस्थित रहे। (एजेन्सी)

## बिजली गुल, लोगों ने लालटेन व मोमबत्ती के सहारे बिताई रात

पिथौरागढ़ : कनालीछीना विकासखंड में मंगलवार को हुई भारी ओलावृष्टि से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जगह–जगह तकनीकी खामी आने से रात भर बिजली गुल रही। इससे दस हजार से अधिक की आबादी को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों ने मोमबत्ती व लालटेन के सहारे घरों को रोशन कर रात बिताई।कनालीछीना में बीते रोज जमकर हुई ओलावृष्टि ने खेती को तो नुकसान पहुंचाया ही है, साथ ही इससे यूपीसीएल को भी नुकसान हुआ है। दरअसल ओलावृष्टि से जगह–जगह मौजूद ट्रांसफार्मरों में लगे फ्यूज भी खराब हो गए। इससे बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। शाम छह बजे के करीब ही कनालीछीना, सतगढ़, पलेटा, अस्कोड़ा सहित अन्य इलाकों में बिजली सेवा ठप हो गई। रात भर बिजली गुल रही। बुधवार सुबह दस बजे के दरमियान कर्मचारियों ने तकनीकी खांमियों को दूर किया तब जाकर कहीं बिजली आपूर्ति बहाल हुई। यूपीसीएल के जेई भीम राम आर्या ने बताया कि ट्रांसफार्मरों में लगे फ्यूज में खराबी आने से बिजली सेवा बाधित हुई थी, जिसे सुधार लिया गया है। (एजेन्सी)

## नगर व्यापार मंडल ने तेज किया हस्ताक्षर अभियान

अल्मोड़ा : तहसील कार्यालय को दोबारा पुराने कलक्ट्रेट में स्थापित करने की मांग को लेकर अल्मोड़ा नगर व्यापार मंडल ने हस्ताक्षर अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को पांचवें दिन लाला बाजार व मिलन चौक में अभियान चलाया गया। इस मौके पर व्यापारियों ने कहा कि पूर्व में सभी कार्यालय पुराने कलक्ट्रेट स्थित होने से इसका लाभ स्थानीय व्यापारियों को भी मिलता था। लेकिन अब सभी कार्यालय नवीन कलक्ट्रेट पांडेखोला शिफ्ट होने से ग्रामीणों समेत व्यापारियों और बुजुर्गों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तहसील कार्यालय को दोबारा पुराने कलक्ट्रेट से संचालित करने की मांग उठाई। हस्ताक्षर अभियान में पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील साह, नीरज पंवार, रीता दुर्गापाल, पुष्पा सती, आशा कर्नाटक, वैभव पांडे, चंदन बहुगुणा, किशन गुरुरानी आदि शामिल रहे। (एजेन्सी)

# रानीखेत में शरदोत्सव का आयोजन कराने की मांग की

अल्मोड़ा : पर्यटन नगरी रानीखेत में शरदोत्सव, ग्रीष्मोत्सव जैसे सांस्कृतिक उत्सवों की प्राचीन और समृद्ध परंपरा को पुनः जीवित किए जाने की मांग लगातार मुखर हो रही है।

रानीखेत सांस्कृतिक समिति एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में अल्मोड़ा में डीएम से मुलाकात कर नगर में शरदोत्सव का आयोजन कराए जाने की मांग की। इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा। नवंबर के दूसरे पखवाड़े में शरदोत्सव का आयोजन कराने की दिशा में सकारात्मक चर्चा हुई।

सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष विमल सती के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को बताया कि कराया कि रानीखेत में शरदोत्सव, ग्रीष्मोत्सव के आयोजन की प्राचीन और समृद्ध परंपरा रही है। लेकिन पिछले तीन सालों से इन सांस्कृतिक उत्सवों के आयोजन पर विराम लगा है। शरदोत्सव, ग्रीष्मोत्सव के आयोजनों के अभाव में स्थानीय प्रतिभाओं को मंच नहीं नहीं मिल पा रहा। पूर्व में ये सांस्कृतिक उत्सव पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। शिष्टमंडल ने शरदोत्सव के आयोजन के लिए नवंबर के दूसरे पखवाड़े में सेना का नरसिंह मैदान उपलब्ध कराने तथा प्रशासन की तरफ से बैठक आयोजित करने का आग्रह डीएम से किया। शिष्टमंडल सदस्यों ने बताया कि डीएम ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए उत्सव के आयोजन को नरसिंह ग्राउंड उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र केआरसी कमांडेंट से लिखित व मौखिक वार्ता करने का आश्वासन दिया। यह भी कहा कि शरदोत्सव बैठक के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट व तहसीलदार को निर्देशित करेंगी। प्रतिनिधि मंडल में व्यापार मंडल महासचिव संदीप गोयल, उपाध्यक्ष दीपक पंत, महिला उपाध्यक्ष नेहा माहरा, कोषाध्यक्ष भुवन पांडेय, सांस्कृतिक सदस्य गोपाल सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी आदि शामिल रहे। (एजेन्सी)

# कांग्रेसियों ने मुकदमे निरस्त करने की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय परिसर में किया प्रदर्शन



रूद्रपुर : रुद्रपुर के कांग्रेसियों ने सितारगंज में कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमे को झूठा बताया है। इससे आक्रोशित कांग्रेसियों ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद एसएसपी मंजूनाथ टीसी को ज्ञापन सौंप झूठे मुकदमे वापस निरस्त करने की मांग की।

बुधवार को कांग्रेसी कार्यकर्ता कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा के नेतृत्व में एसएसपी कार्यालय परिसर में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सितारगंज विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नवतेजपाल सिंह एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे किए गए हैं।

यह उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से मुलाकात कर कहा कि सितारगंज में कांग्रेस प्रत्याशी रहे नवतेजपाल सिंह, सितारगंज नगर पालिका अध्यक्ष हरीश दूबे, पूर्व ब्लाक प्रमुख बहादुर सिंह, कांग्रेसी नेता शाकिर पठान उर्फ बब्बू, क्षेत्र पंचायत सदस्य मृदुल त्रिपाठी, व्यापार मण्डल महामंत्री सितारगंज मनीष किनरा एवं अन्य लोगों के विरूद्ध झूठे आरोपों में मुकदमा दर्ज किए गए हैं। थाना सितारगंज में घटनाक्रम के एक वर्ष के बाद बिना किसी तथ्य के जांच किए बिना झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। इससे जनप्रतिनिधियों की सामाजिक छवि धूमल हुई है। उन्होंने एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर कांग्रेसियों पर दर्ज फर्जी मुकदमे को शीघ्र निरस्त करने की मांग की। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। यहां सौरभ चिलाना, संदीप चीमा, पुरूषोत्तम अरोरा, पवन वर्मा, सीपी शर्मा, मदन लाल खन्ना, राजेश कुमार, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## केमिकल लेकर निकला ट्रक लापता, पुलिस ने शुरू की जांच

काशीपुर : कंपनी से केमिकल लेकर निकला एक ट्रक लापता हो गया। लॉजिस्टिक कंपनी के मैनेजर ने गाड़ी ब्रोकर पर तय जगह पर समय से माल न पहुंचाने व माल के बारे में पूछने पर कोई जवाब न देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवास विकास स्थित शैलसुता लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर शिवशंकर शर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें कहा कि उन्होंने रुद्रपुर स्थित नेहा रोड लाइंस के ब्रोकर फरमान से गाड़ी आईजीएल स्पेशलिटी केमिकल प्राइवेट लिमिटेड काशीपुर से आरएच डाई कैम कानपुर के लिए बुक की थी। चालक राजीव माल लेकर 26 अक्तूबर को निकला था, जो अभी तक कानपुर नहीं पहुंचा है।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास की सजा



रूद्रपुर : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। हत्या तीन साल पहले की गई थी।

पीलीभीत (यूपी) के भरतपुर न्यूरिया गांव निवासी राकेश मंडल ने 27 सितंबर 2019 को झनकईया थाने में तहरीर सौंपकर अपने बहनोई पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया था। राकेश ने बताया था कि उसकी बहन मीरा का विवाह छोटी बगुलिया गांव के निकेश अधिकारी से हुआ था। निकेश ट्रक चालक है और उसकी बहन पर शक करता था। शक के चलते निकेश ने साइकिल की चेन से मीरा का गला घोंट दिया और शव खींचकर घर से कुछ आगे जंगल में फेंक दिया। तहरीर पर झनकईया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश की अदालत में पहुंचा। पुलिस ने 21 दिसंबर 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सौरभ ओझा ने पैरवी करते हुए 10 गवाहों को पेश किया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश धर्म सिंह ने आरोपी पति को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। (एजेन्सी)

# युवती के खाते से उड़ाई एक लाख की नगदी



रूद्रपुरः खटीमा में साइबर ठगों ने पार्सल के नाम पर एक युवती के खाते से एक लाख की नगदी उड़ा ली। युवती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में अमाऊं निवासी नेहा जोशी ने बताया कि 28 सितंबर को उसके मोबाइल पर पहले मैसेज और फिर कॉल आयी। जिसमें आरोपी व्यक्ति ने बताया कि उसका पार्सल आने वाला है। आप मैसेज पर क्लिक करें, जिससे पांच रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर होंगे। पांच रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर नहीं होते हैं, लेकिन मैसेज क्लिक करने पर यूपीआई पिन मांगा गया। जब यूपीआई पिन डाला गया तो ओटीपी डालने का मैसेज आया। जब मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं आया तो आरोपी ने कहा कि बैंक का सर्वर डाउन हो रहा होगा। उसके बाद आरोपी ने बताया कि आपको डिलीवरी बॉय का नंबर भेज रहा हूं, उस नंबर पर जो मैसेज आए उसे कॉपी पेस्ट करना तब उसने दो मोबाइल नंबर भेजे। कहा कि आपका पार्सल शाम तक आ जाएगा। इस पर पांच रुपए अतिरिक्त चार्ज देना होगा। शाम को उसके मोबाइल पर दो मैसेज केनरा बैंक से आते है। जिसमें 49 हजार 999, 49 हजार 999 की धनराशि खाते से कट जाती है। उसके बाद मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो संपर्क नहीं हुआ। तब जाकर उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। (एजेन्सी)

## विद्युत कर्मी बताकर खाते से 50 हजार रुपये उड़ाए

काशीपुर : बिजली का बिल जमा न होने की बात कहकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति के खाते से 50 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम गढ़ी इंद्रजीत निवासी विमलजीत सैनी ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि एक सितबंर को उसको बिजली बिल जमा न होने का एक मैसेज आया। इसमें लिखा था कि आज बिल जमा नहीं हुआ तो उनके घर की बिजली काट दी जाएगी। इसके बाद साइबर ठग ने उनको ऐनी डेस्क एप डाउनलोड कर बिल जमा करने की बात कही।

# बीडीसी बैठक में खराब स्वास्थ्य सुविधाओं व पेयजल किल्लत को लेकर हंगामा

नैनीताल : धारी ब्लॉक की बीडीसी बैठक में खराब स्वास्थ्य सुविधाओं व पेयजल किल्लत को लेकर काफी हंगामा हुआ। पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जल संस्थान इलाके में बन रहे होटलों के स्वीमिंग पूल में पानी की सप्लाई ग्रामीणों की पेयजल से करवा रहा है। जिस कारण धारी ब्लॉक के कई गांवों में पेयजल संकट की स्थिति बन रही है। वहीं ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों में दवाएं तक उपलब्ध न होने की बात भी कही। बैठक में ब्लॉक प्रमुख आशा रानी व विधायक राम सिंह कैड़ा के सामने ही पंचाायत प्रतनिधियों ने जल्द ही समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।बुधवार को धारी ब्लॉक सभागार मे ब्लॉक प्रमुख आशा रानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बढ़ती पेयजल किल्लत सबसे बड़ी समस्या रही। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि सरगाखेत, लेटीबुंगा, शशबनी, मनाघेर, अघरिया, बुराशी, हरिनगर अक्सोड़ा के होटलों को ग्रामीणों के हिस्से का पानी सप्लाई हो रहा है। जिस पर विधायक ने मुख्य विकास अधिकारी से जल संस्थान के अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए पेयजल व्यवस्था सुचारू करने को कहा। ब्लॉक प्रमुख ने कहा बिल्डर अंधाधुंध पानी का उपयोग कर रहे हैं। इसलिए पेयजल को लेकर सख्त नीति बनाई जाए। सीडीओ डॉ. संदीप तिवारी ने कहा कि जहां भी अवैध कनेक्शन किए गए हैं उनकी जांच होगी। साथ ही होटलों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को भी देखा जाएगा। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख संजय सिंह बिष्ट, कनिष्क प्रमुख कृपाल सिंह मेहता, क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेंद्र बोरा, प्रधान बसंती तिवारी, दीपा बिष्ट, सरोज आर्या, एसडीएम धारी योगेश महरा, बीडीओ एनडी भट्ट, तहसीलदार तान्या रजवार, जिपं सदस्य संजय पांडे, सहायक अभियंता हरीश द्विवेदी, सहायक अभियंता सुभाष गंगोला, चिकत्सा प्रभारी डॉ. हिमांशु कांडपाल, डॉ. अनुपमा ह्यांकी मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## बाइक चोरी, दर्ज कराई तहरीर

रूद्रपुर : जल संस्थान के ओवरहेड टैंक के पास से एक बाइक चोरी हो गई। बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस के अनुसार उमरुखुर्द ब्यानधुरा कॉलोनी निवासी गोविंद्र चंद्र भट्ट 14 अक्टूबर को अपनी बाइक से खटीमा आया था। उसने अपनी बाइक जल संस्थान ऑफिस के पास खड़ी की थी। दस मिनट बाद जब वह बाइक के पास पहुंचा तो बाइक मौके पर नहीं थी।

# विपणन विभाग में बैठे संदिग्धों पर होगा मुकदमा



सितारगंज,धान क्रय केंद्र और विपणन विभाग के कार्यालय में अनाधिकृत रूप से सक्रिय रहने वाले संदिग्धों के खिलाफ एसडीएम ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। क्रय केंद्र और कुछ विभागीय अफसरों के पास निरंतर कुछ लोग बैठकर धन तोल को प्रभावित कर सकते है। एसडीएम से इसकी शिकायत की गई है।

उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने कुछ राइस मिलों को प्राथमिकता की शिकायत पर वरिष्ठ विपणन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विपणन विभाग और धान क्रय केंद्रों पर लगातार कुछ संदिग्धों के हस्तक्षेप की शिकायत मिल रही है। उन्होंने समझ के लिए केंद्र के प्रभारियों और विपणन अधिकारी को निर्देश दिए कि अनाधिकृत रूप से कार्यालय और क्रय केंद्र के बाहर सक्रिय संदिग्धों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराएं। धान तोल किसी भी तरह प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

## 85 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

रूद्रपुर : कुंडा थाना पुलिस ने कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने 85 लीटर कच्ची शराब के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की शाम कुंडा थाना पुलिस ने अभियान चलाया।

जहां टीम ने ढेला पुल के पास से अमरीक सिंह पुत्र दर्शन सिंह को 60 लीटर कच्ची शराब बाइक पर ले जाते गिरफ्तार किया है।

वहीं कुंडा गांव के पास से वरूण गुप्ता पुत्र जीतेंद्र कुमार निवासी कटोराताल को 25 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब दोनों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। (एजेन्सी)

# दुष्कर्म के मामले को खारिज करने के आदेश



नैनीताल : हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में पॉक्सो की फास्ट ट्रैक कोर्ट को पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज दुष्कर्म के एक मामले को खारिज करने का आदेश दिया है। इस मामले में आरोपी और दुष्कर्म पीड़िता को अदालत के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट को बताया गया कि पीड़िता ने अन्य व्यक्ति से शादी कर ली है और वह अपने मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। पीड़िता 17 साल की थी, जब उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। न्यायाधीश न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा की एकल पीठ ने मामले में यह आदेश पारित किया है।

अभियोजन के अनुसार दुष्कर्म पीड़िता की मां ने रुद्रपुर कोतवाली में 16 नवंबर 2020 को अनीस रजा के विरुद्ध नाबालिग बेटी को शादी के लिए मजबूर करने के लिए अपहरण करने व दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद नाबालिग को आरोपी के घर से बरामद कर लिया था। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जहां दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम को प्राथमिकी में जोड़ा गया, फिर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। (एजेन्सी)

# अल्मोड़ा के खिलाड़ी राजेंद्र का रणजी टीम में चयन होने पर जताई खुशी

अल्मोड़ा : स्याल्दे के लामाढुंगा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद (22) पुत्र भगवत प्रसाद का प्रदेश की रणजी क्रिकेट टीम के लिए चयन हुआ है।

उनके चयन पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए मिठाई बांटी बांट कर उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।राजेंद्र प्रसाद ने इसी माह हरिद्वार में नेशनल क्रिकेट लीग द्वारा आयोजित ट्रायल में उत्तराखंड की ओर से रणजी टीम के लिए ट्रायल में प्रतिभाग किया। इसके बाद जम्मू कश्मीर के कटरा धरोटा में आयोजित फाइनल ट्रायल से उनका चयन उत्तराखंड एवं जम्मू कश्मीर की टीम से हुआ है। उन्होंने बताया कि उनका चयन तीसरे खिलाड़ी के रूप में बेस्ट बल्लेबाज के रूप में हुआ है। अब चयनित टीम का पहला फिटनैश मैच पंजाब के साथ 15 नवंबर से नोएडा में होना है। राजेंद्र के चयन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पूरन रजवार, व्यापार संघ अध्यक्ष अशोक तिवारी, हीरा सिंह रावत, विरेंद्र सिंह रावत, रमेश चंद्र दानी, पूरन, बचे सिंह बंगारी, प्रकाश पपनोई, शंकर पपनोई, भुवन चंद्र, नवीन कुमार आदि खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

## छत से गिरा युवक, मौत

पिथौरागढ़ : रात के अंधेरे में एक युवक को छत पर मोबाइल पर बात करने का खामियाजा अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

अंधेरे में युवक अनियंत्रित होकर तीन मंजिले मकान की छत से नीचे गिर गया।

## सड़क पर पलटी कार, हादसा टला

अल्मोड़ा : सोमेश्वर–कौसानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार देर शाम जाल गांव के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों बीच पलट गई। गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। वाहन यूके 01टीए 4307 पहाड़ी से टकराने के बाद विपरीत दिशा में जाकर पलट गया। बताया जा रहा है कि कार में चालक सहित तीन लोग सवार थे। अनियंत्रित कार कौसानी की ओर जा रही थी तथा पहाड़ी से टकराने के बाद वह विपरीत दिशा में जाकर पलट गई।

# डेंगू मच्छर का कहर कीटनाशक बेअसर

सितारगंज। शहरी क्षेत्र के खाली प्लाट, स्विमिंग पुल और घरों में पानी जमा होने की संभावनाओं के कारण डेंगू मच्छर ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। डेंगू के डंक से सितारगंज वासी हलकान हैं। अस्पतालों में लगातार तेज बुखार, सरदर्द आदि डेंगू के संभावित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रशासन ने डेंगू के प्रकोप को रोकने एवम साफ सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका ईओ के साथ बैठक की। जिसमें लोनिवि के जेई को विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण को ध्वस्त करने के निर्देश दिए।

सितारगंज क्षेत्र डेंगू मच्छर पनपने से आमजन दुखी हो गया है। शहरी क्षेत्र के विभिन्न वाडी के खाली प्लाटों में जलभराव बना हुआ है। जिस वजह से डेंगू मच्छर पनपने लगा है। इसके साथ ही घरेलू उपकरणों में लगातार पानी जमा होने से भी डेंगू मच्छर के पनपने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। सरकारी अस्पताल में डेंगू के संभावित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अस्पताल में तेज बुखार, सरदर्द आदि लक्षणों के मरीज पहुंच रहे हैं। ओपीडी में अधिकांश डेंगू के संभावित मरीजों की संख्या देखी जा रही है। अस्पताल प्रशासन निशुल्क बुखार, शरीर में दर्द होने पर तत्काल एलाइजा आदि टेस्ट करवा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉक्टर अभिलाषा पांडे ने बताया कि अस्पताल में डेंगू के संभावित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डेंगू के संभावित लक्षण होने पर वह अस्पताल में निशुल्क एलाइजा, मलेरिया आदि की जांचें करवा रही हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को घरों के उपकरणों की नियमित सफाई और निरंतर जमा पानी की जलनिकासी करवाने की सलाह दी है।

कहा कि मच्छर लगातार पानी एकत्र रहने के कारण पनपता है। जिसे रोकने के लिए घरों में किसी भी उपकरण में निरंतर पानी जमा ना होने दें। डेंगू आदि के लक्षण होने पर सरकारी अस्पताल में निशुल्क टेस्ट कराकर उपचार किया जा रहा है।

# आठ चालकों के लाइसेंस निलंबन की संस्तुति


चैकिंग अभियान के दौरान वाहन चालक से जानकारी लेते हुए पुलिस कर्मी।

**जयन्त प्रतिनिधि।** पौड़ी : सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत उपजिलाधिकारी श्रीनगर अजयबीर सिंह एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान 20 वाहनों का चालान एवं एक वाहन को सीज किया गया। जबकि 8 वाहन चालकों के लाइसेंस निलम्बन करने की संस्तुति की गई। उप जिलाधिकारी श्रीनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीनगर, खिर्सू, बद्रीनाथ मार्ग सहित विभिन्न स्थलों पर चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें हेलमेट, सीट बेल्ट, बिना लाइसेंस, क्षमता से अधिक यात्री सहित अन्य मामलों में 20 चालान किए गये। उन्होंने वाहन चालकों को निर्देशित किया यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि वाहन क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को बिठायें। चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। उन्होंने वाहनों चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिये, जिससे स्वयं के साथ-साथ यात्री सुरक्षित रह सकेंगे।

## समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति द्वारा जिले के नए जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान से मुलाकात कर शहर की समस्याएं बताई गई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर में कई समस्याएं बनी हुई है लेकिन लंबे समय से इन समस्याओं का हल नही हो पा रहा है। उन्होंने डीएम से जल्द ही शहर की समस्याओं को हल करने की मांग उठाई। जिलाधिकारी से मुलाकात करते हुए नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी ने कहा कि शहर में पार्किंग सुविधा नहीं होने से शहरवासियों के साथ ही शहर में आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहा कि पार्किंग समस्या के चलते शहर में पर्यटक भी कम आते हैं। उन्होंने डीएम से बस स्टेशन पर संचालित पार्किंग को रनिंग पेड पर चलाने की मांग की। इसके साथ ही समिति के पदाधिकारियों ने शहर की ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने, रांसी मैदान के पास बन रहे पर्यटक आवास गृह का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने, कंडोलिया रोड पर संचालित जिला पुस्तकालय को पुराने डीएम कार्यालय में शिफ्ट करने, साहसिक खेलों को बढ़ावा देने की मांग उठाई है।

# बैंकुंठ चतुर्दशी मेले का आज होगा आगाज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गगवाडस्यूं घाटी के सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर बलोडी में होने वाले बैकुंठ चतुर्दशी मेले की तैयारियां पूर हो गई हैं। पांच दिवसीय मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खड़ दीया अनुष्ठान का भी आयोजन किया जाएगा। खड़ दीया अनुष्ठान को लेकर पंजीकरण चल रहे है।

हर साल आयोजित होने वाले इस मेले में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही प्रवासी भी बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं।

समिति के सचिव जगतकिशोर बड़थ्वाल ने बताया कि सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर बलोडी गगवाडस्यूं मे 3 से 7 नवंबर तक बैकुंठ चतुर्दशी मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के तहत 3 नवंबर को ग्राम सभा धनाऊं से शिवध्वजा प्रस्थान, शिवध्वजा का डडुवादेवी कुण्ड मे स्नान, मुख्य मार्ग से शिवध्वजा संचालन, मार्चपास्ट, झांकी, ग्राम सभा बौसरी द्वारा पुरानी शिवध्वजा उतरना, नई शिवध्वजा का पूजन एवं अर्पण, लोक कलाकार जीतेन्द्र चौहान व साथियों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 4 नवम्बर को मंदिर पूजन, देवडोलियों का आगमन, स्थानीय शिक्षण संस्थानों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम, 5 नवंबर को प्रसिद्ध गढवाली लोकगायक गजेंद्र राणा द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम, 6 नवंबर को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खड़ दीया करने वाले दंपतियों का स्वागत, महादेव दर्शन, दीयाबाती अनुष्ठान, लोक गायक दिनेश भारती व साथियो द्वारा भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। 7 नवंबर को प्रातः स्नान, पूजन हवन, भोले का भंडारा, सम्मान समारोह, गगवाडस्यूं घाटी के कलाकारो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम व देहरादून के कलाकारों द्वारा गढ़वाली और कुमाउनी गीतों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## तिवाड़ ग्रामवासियों के साथ निर्वाचन के अनुभव साझा किये

नई टिहरी : जनपद की विधानसभा प्रतापनगर के तिवाड़गांव में मतदाताओं के ज्ञान, दृष्टिकोण और अभ्यास का सर्वेक्षण 2022 के लिए कराया गया।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी साक्षी शर्मा ने बताया कि एफजीडी में ग्रामवासियों को मतदान से सम्बन्धित जानकारी दी गई।

# आज से कोटद्वार में शुरू होगी जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्राथमिक शिक्षा विभाग की शरद एवं शीतकालीन जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज तीन नवंबर से होगा। तीन, चार व पांच नवंबर को एकल व टीम प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राथमिक व सब जूनियर वर्ग में किया जाएगा। क्रीड़ा प्रतियोगिता शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित की जायेगी।

जिला खेल समन्वयक कमल उप्रेती ने बताया कि तीन दिवसीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन, टीटी, फुटबाल टीम प्रतिस्पर्धाओं और दौड़, लंबी व ऊंचीकूद, गोला, भाला व चक्का फेंक प्रतियोगिताएं एकल वर्ग में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य, समूहगान, व्यायाम प्रदर्शन, सुलेख, मानचित्र, एकांकी आदि का आयोजन किया जाएगा। उप्रेती ने बताया कि शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ तीन नवंबर को मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लैंसडाउन महंत दलीप सिंह रावत शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सत्राधिकारी, निर्णायक मंडल, विभिन्न समितियों का गठन कर लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक डा. शिवपूजन सिंह की निगरानी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में उप शिक्षा अधिकारी विकास खंड दुगड्डा अयाजुद्दीन को संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। सहायक जिला खेल समन्वयक प्रदीप रावत व ललित बिष्ट को प्रतियोगिता में समन्वय और व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन की अहम जिम्मेदारी दी गई है।

## युवा पीढ़ी भूल हरी अपनी पौराणिक संस्कृति को : राणा

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के सिलयारा गांव में चल रहा 16 दिवसीय पौराणिक पांडव नृत्य के सातवें दिन पांडव पश्वाओं एवं देव डालियों ने ढोल दमाऊं की थाप पर जमकर नृत्य किया। पांडव नृत्य देखने लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधानाचार्य प्रताप सिंह राणा एवं श्रीकोट की पूर्व प्रधान दिलदेई राणा ने पांडव नृत्य का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा पौराणिक संस्कृति को जीवित रखने का यह सराहनीय कदम है, आज के भौतिक युग में हमारी युवा पीढ़ी अपनी पौराणिक संस्कृति को भुलती जा रही है, हम सभी को मिलकर अपनी संस्कृति को बचाने के लिये आगे आना होगा।

## निर्माण कार्यो का रख रखाव जरूरी : अतीश सिंह

नई टिहरी : दो दिवसीय भ्रमण पर जनपद टिहरी गढ़वाल में रहे संयुक्त सचिव एमएसएमई व नोडल अधिकारी जल शक्ति अभियान अतीश सिंह और जल विज्ञान संस्थान रूड़की के वैज्ञानिक डा. संतोष मुरलीधर ने कलक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन से सम्बंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी रेखीय विभागों से वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 में अभियान के तहत किये गये निर्माण कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। संयुक्त सचिव अतीश सिंह ने जल शक्ति अभियान में लगी स्थानीय स्तर की टीम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीम सूझबूझ से कार्य कर रही है। जल संरक्षण को लेकर जनता भी काफी जागरूक है। कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत जो भी निर्माण कार्य किये जायें। उनका रख–रखाव जरूरी है। साथ ही वह टिकाऊ और अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने वाली हो।

# बैडमिंटन डबल्स में रोहन-दीक्षित की जोड़ी बनी विजेता


एसजीआरआर श्रीनगर में टॉफी रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए बच्चे।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल श्रीनगर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिन छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग किया। बैडमिंटन के डबल्स में रोहन-दीक्षित की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिभावक कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में किरण पुंडीर, संगीता, कुसम, सरिता एवं ममता अपने-अपने वर्ग में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर

टॉफी रेस प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा बालिका वर्ग में अवनि ने प्रथम, अविका पंवार ने द्वितीय और अविका भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में पूरब सिंह ने प्रथम, मयंक ने द्वितीय, राहुल पुरोहित तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी टॉफी रेस बालिका वर्ग में अवनि बहुगुणा, भाविका, दिव्यांशी, बालक वर्ग में शिवांश, आदित्य, दिव्यांशी, एलकेजी कक्षा बालिका वर्ग टॉफी रेस में आलिया, दिव्या, नैना, बालक वर्ग में सार्थक, आरव, प्रिंस ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक टॉफी रेस बालक वर्ग में सौम्या, श्रवण, नैतिक, बालिका वर्ग में श्रीनीति, सरिता, आश्रिता, कक्षा दो टॉफी रेस बालक वर्ग में मयंक, आरव, प्रिंस, बालिका वर्ग में समीक्षा, वेदिका, श्रेया ने क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य दान सिंह बिष्ट, कमल नौटियाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिना परिचय पत्र के नहीं मिलेगा बिड़ला एवं चौरास परिसर में प्रवेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी की अध्यक्षता में नियंता मंडल की बैठक आहुत की गई। जिसमें छात्रसंघ चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

इस मौके पर नियंता मंडल ने कहा कि कोई भी छात्र बिना परिचय पत्र के विवि के बिड़ला एवं चौरास परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। जिनके पास प्रवेश पत्र नहीं होगा उन्हें किसी भी दशा में विवि परिसरों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

छात्रसंघ चुनाव को देखते हुए नियंता मंडल ने स्पष्ट किया कि कोई भी छात्र संगठन विवि परिसरों में पोस्टर, बैनर एवं किसी भी प्रिंटेड सामग्री का उपयोग नहीं करेगा।

सभी प्रकार के ध्वनि यंत्रों लाउडस्पीकर, रैलियों एवं नारेबाजी का बिना अनुमति के कोई भी संगठन प्रयोग नहीं करेगा। कक्षाओं के संचालन में किसी प्रकार का व्यवधान बर्दाश्त नहीं होगा। छात्र केवल हस्त लिखित चुनाव सामग्री का प्रयोग ही कर सकेंगे। इसके अलावा निर्णय लिया गया कि नियंता मंडल के सभी सदस्य प्रत्येक कार्य दिवसों एवं चुनाव के दौरान विवि के परिसरों में दिन 12 बजे से एक बजे के बीच भ्रमण एवं छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगे व अनुशासन व्यवस्थाओं का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करवाएंगे। बैठक में उप नियंता डा. एससी सती, डा. जेपी मेहता, डा. एसके मीना, डा. देवेंद्र सिंह, डा. जेपी भट्ट, डा. दीपक राणा, डा. मधुसूदन सती, डा. रोहित कुमार, डा. मनीषा निगम, डा. मुनेश कुमार, डा. हिमशिखा गुसांई, डा. राकेश नेगी आदि शामिल रहे।

# दो योजनाओं के बावजूद नहीं मिल रहा पानी, ग्रामीणों में रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : कीर्तिनगर ब्लॉक के पैंडुला ग्राम सभा के लोग दो-दो पेयजल योजनाएं होने के बावजूद पीने के पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार विभागीय अधिकारियों से समस्या बताए जाने के बावजूद उनका समाधान नहीं हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

पैंडुला ग्राम सभा प्रधान व प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने बताया कि उनकी ग्रामसभा दो पेयजल योजनाओं लक्ष्मोली-हडिमधार व चौकी खजरा पेयजल योजना से लाभान्वित है लेकिन दोनों योजनाओं का संचालन सही तरीके से न होने से उन्हें एक योजना का भी सही ढंग से लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि चौकी-खजरा पेयजल योजना से बीते 20 दिन से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। जबकि लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति लगातार अनियमित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों योजनाएं जल संस्थान के अधीन हैं। बार-बार विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाए जाने के बाद भी ग्रामीणों की सुध नहीं ली जा रही है। जिससे भारी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं होती है तो उन्हें उग्र आंदोलन को विवश होना पड़ेगा।

## राज्य स्थापना दिवस पर होगी खेल प्रतियोगिताएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ-2022 टेबिल टेनिस व बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के अनुपालन में 9 नवंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम अनिल परनवाल दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम अनिल पैनवाल (ANIL PANWAL) है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरा सही व वास्तविक नाम अनिल पैनवाल (ANIL PANWAL) लिखा व पढ़ा जाय।

**नं0- 38373X रेंक हवलदार अनिल पैनवाल पुत्र श्री बीरेन्द्र प्रकाश निवासी ग्राम ग्रास्टनगंज, पोस्ट कुम्भीचौड़, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी माता का नाम शाकम्बरी देवी दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरी माता का सही व वास्तविक नाम शाखा देवी (SAKHA DEVI) है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी माता का सही व वास्तविक नाम शाखा देवी (SAKHA DEVI) लिखा व पढ़ा जाय।

**नं0- 38373X रेंक हवलदार सरताज सिंह पुत्र स्व0 चन्दन सिंह रावत ASSAm RIF C/o 99 APO निवासी ग्राम बराई, पोस्ट तिमलसैण्ड, तहसील लैन्सडौन, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : माननीय उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा-निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी द्वारा आगामी 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन मुख्यालय पौड़ी, कोटद्वार, श्रीनगर, लैन्सडाउन एवं धुमाकोट में किया जाएगा।

सीनियर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित फौजदारी शमनीय, 138 एनआई एक्ट के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम विवादों से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धन वसूली वाद, अन्य दिवानी वाद, सेवा संबंधित मामले, राजस्व वाद जो न्यायालयों में लंबित हो, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलें, बिजली-पानी बिल संबंधित विवाद सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अब तक न पहुंचे चैक बाउंस के प्रकरण, बैंक वसूली संबंधित प्रकरण, श्रम संबंधि विवाद, बिजली-पानी बिल संबंधित विवाद, भरण–पोषण वाद व अन्य शमनीय फौजदारी, वैवाहिक व दीवानी वाद भी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के कार्यालय में या संबंधित न्यायालय परिसर में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आगामी 12 नवम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करा सकते हैं।

## क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की मांग उठाई

नई टिहरी : प्रतापनगर क्षेत्र के विभिन्न मोटर मार्गों पर जगह–जगह गड्ढे बने होने के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की मांग की है।

प्रतापनगर के स्थानीय निवासी यशपाल महर, प्रमोद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के बावजूद प्रतापनगर क्षेत्र की सड़कों की हालत में कोई सुधार नहीं हो पाया है।

बताया जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे बने होने से लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## विकासखंड स्तरीय शिविर आज ऊखीमठ में

रूद्रप्रयाग : केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विकासखंड अधिकारियों को उनसे संबंधित आयोजन स्थलों में सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि सभी विकासखंडों के अंतर्गत 3 से 29 नवंबर तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 3 नवंबर को विकास खंड सभागार ऊखीमठ में, 10 नवंबर को कोटमा में, 15 नवंबर को पंचायत भवन भोंगी पलद्वाड़ी, 23 नवंबर को न्याय पंचायत भवन मनसूना तथा 29 नवंबर को यूजीबी गुप्तकाशी में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# युवा पीढ़ी और महिलाओं को पैराणित संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आना होगा

रूद्रप्रयाग : जखोली में आयोजित पांच दिवसीय कृषि औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेला महिला मंगल दलों व स्थानीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों व पुरस्कार वितरण के साथ ही समापन हो गया है। बधुवार को ब्लाक मुख्यालय में समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ओर महिलाओं को अपने पौराणिक संस्कृति के संरक्षण के लिए बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए। उन्होंने ब्लाक कार्यालय परिसर में टाइल्स लगाने के लिए दस लाख रूपये देने की घोषणा की है। विशिष्ट अतिथि विधायक चौधरी के प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह भंडारी ने मेला आयोजन समिति को विधायक निधि से ढाई लाख रूपए देने की घोषणा की है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता को मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। मेला संयोजक ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने अतिथियों का स्वागत व्यक्त करते हुए पांच दिवसीय मेले के निर्विघ्न रूप से आयोजन एवं संचालन के लिए मेला समिति, स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों, कलाकारों एवं ब्लाक के अधिकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। समापन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख व गढ़वाल विवि श्रीनगर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर महावीर नेगी ने लोगों व मेला आयोजन समिति को शानदार आयोजन के लिए बधाई देते हुए निकट भविष्य में ओर बेहतर ढंग से मेला आयोजन का भरोसा दिलाया है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों का भी हौसला बढ़ाते हुए भविष्य में ओर बेहतर करने के लिए सहयोग देने की बात कही है। मेले में नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जून गहरवार, पूर्व जिपंस बींरेंद्र सिंह बुटोला, जिपंस शीला रावत, जिपंस कुसुम, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी ने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ने मेले में आमन्त्रित करने पर मेला समिति का आभार व्यक्त करते हुए भव्य आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई दी है। इस अवसर पर ज्येष्ठ प्रमुख नागेन्द्र पंवार, कार्यक्रम संचालक नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रवक्ता बींरेंद्र सिंह राणा, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष देवेंद्र भण्डारी, कनिष्ठ उप प्रमुख कवींद्र सिंधवाल, आचार्य विनोद थपलियाल, दिगपाल नेगी, गोपाल रावत, बद्री केदार मंदिर समिति सदस्य रणजीत सिंह राणा, अंशुल जगवाण, धनराज बंगारी, उम्मेद सिंह रौथाण, प्रधान बच्चवाड़ रणजीत सिंह रावत, प्रधान जखोली लखपति भट्ट, पूर्व प्रधान महावीर पंवार, मनीष पंवार, संजय रावत, बीडीओ सूर्य प्रकाश शाह, शशी शुक्ला, दीप प्रकाश किमोठी, उत्तम राणा, संदीप शर्मा, सुशील रतूड़ी, मुकेश भट्ट, भरत बैरवाण सहित ब्लाक के प्रधान व क्षेपंस समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। (एजेन्सी)


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**

[illegible]

**निविदा विस्तारीकरण सूचना** दिनांक: 02.11.2022

एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई- निविदा संख्या 16/2022-23 जिसकी निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की तिथि 04-11-2022 थी एवं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि दिनांक 05-11-2022 थी, को किन्ही अपरिहार्य कारणों से विस्तारित करते हुए समस्त निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय) में जमा करने की तिथि 09-11-2022 एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 10-11-2022 की जाती है। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

पत्रांक: 2461/[illegible] अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें [illegible]

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346-252137,

Email: dgmsrl.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आइडेन्टिटी संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

**"ई–निविदा सूचना"** दिनांक : 02/11/2022

विद्युत वितरण मण्डल श्रीनगर (गढ़) के अधीन विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार एवं नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु 'ए' श्रेणी विद्युत में पंजीकृत लाइसेन्सधारकों से जो कि ई0एस0आई0/ई0पी0एफ0/जी0एस0टी0/आयकर विभाग में पंजीकृत हो एवं ब्लैकलिस्टेड न हों, जो सम्बन्धित कार्य में अनुभव रखते हो, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर राशि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, श्रीनगर गढ़वाल के नाम से देय हो। निविदा जमा व खोलने का विवरण निम्नवत है–

| ई–निविदा सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 16/विविमश्री/2022–23 | विद्युत वितरण उपखण्ड, रतूड़ी के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान धुमाकोट के अनुरक्षण, नये संयोजन एवं बिलिंग कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष सम्पादित कराये जाने का कार्य। | 72,000.00 | रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) | 22.11.2022 12:00 बजे तक | 23.11.2022 12:00 बजे प्रथम भाग |
| 17/विविमश्री/2022–23 | विद्युत वितरण उपखण्ड, रतूड़ी के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान मझगांव के अनुरक्षण, नये संयोजन एवं बिलिंग कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष सम्पादित कराये जाने का कार्य। | 72,000.00 | रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) | 22.11.2022 12:00 बजे तक | 23.11.2022 12:00 बजे प्रथम भाग |
| 18/विविमश्री/2022–23 | विद्युत वितरण उपखण्ड, द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान मवाकोट के अनुरक्षण, नये संयोजन एवं बिलिंग कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष सम्पादित कराये जाने का कार्य। | 72,000.00 | रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) | 22.11.2022 12:00 बजे तक | 23.11.2022 12:00 बजे प्रथम भाग |

Note:-

1- Part-I of tender shall be opened on same day. Bidder must qualify above requirements in order to complete in the Tender. Failing to submit above documents in Part-I, Shall be disqualified.

2- Part-II of the tender will be opened after getting approval from competent authority.

For further details, please visit after on dated 05-11-2022 our website www.uktenders.gov.in. For any assistance on e-Tendering please contact 01346-252137.

पत्रांक: 2472/विविमश्री/टी- 9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में विद्युत बचायें बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें

"Pay Electricity bill Online 24x7 from www.upcl.org" Customer Care Toll Free No.-1800 419 0405

## सम्पादकीय

# पुल निर्माण पर बने नीति

देशभर में पुलों के निर्माण को लेकर अब कई ऐसी घटनाएं सामने आने लगी है जिनमें करोड़ों अरबों की लागत से बने पुल ताश के पत्तों की तरह ढह गए। स्पष्ट है कि कहीं ना कहीं इन सेतु निर्माण में लापरवाही एवं गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण किया गया है। ठीक यही स्थिति फ्लाईओवर बनाने के दौरानभी देखी जा रही है जिनमें हमेशा से ही दुर्घटनाओं का एक अवसर बना रहता है। फूलों के निर्माण को लेकर उच्च तकनीक का प्रयोग किया जाता है लेकिन जब निर्माण में ही कमीशन खोरी एवंभ्रष्टाचार का मिश्रण होगा तो निश्चित है कि ऐसा पुल अधिक समय तक टिकने वाले नहीं है। देश में इस समय पुल से ही जुड़ा एक बड़ा मामला सुर्खियों में है जो प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के अपने राज्य गुजरात से जुड़ा हुआ है। गुजरात के मोरबी में केवल पुल दुर्घटना प्रकरण में सैकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और अभी से लेकर राजनीतिभी शर्म आ रही है। खुद प्रधानमंत्री इस दुर्घटना के बाद सोशल मीडिया एवं विपक्ष के निशाने पर हैं क्योंकि गत वर्षों में पश्चिम बंगाल में एक पुल टूटने पर उन्होंने इसे ष्एक्ट अफ फ्रडष् बताते हुए जमकर पश्चिम बंगाल सरकार की खिंचाई की थी। लेकिन गुजरात में केवल पुल टूटने के बादभले ही उनकी ओर से ऐसा कुछ नहीं कहा क्य लेकिन सोशल मीडिया पर उनका यह पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है लोग पूछ रहे हैं यदि वह एकटर्प फ्रड था तो गुजरात का मोरबी हादसा किस श्रेणी में आता है? इस सब के विपरीतभारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी का बेहद ही संवेदनशील एवं परिपक्वता सेभरा बयान देखने को मिला जिसमें उन्होंने मोरबी हादसे पर साफ कहा कि इस समय राजनीति करना ठीक नहीं है और सैकड़ों लोग मारे गए हैं यह बेहद दुखद है। मोरबी हादसा पूरे देश के लिए एक सबक है, क्योंकि इस प्रकार के केबल पुल लगभग सभी राज्यों में बने हुए हैं। उत्तराखंड मेंभी ऐसे झूलते फूलों की संख्या काफी है और इनके रखरखाव को लेकरभी हमेशा प्रश्नचिन्ह खड़े होते आए हैं। हाल ही में देहरादून मेंभी एक पुल मानसून की बारिश में बह गया था, जबकि गढ़वाल एवं कुमाऊंकी कई नदियों पर लोग अपनी जान पर खेलकर या तो जर्जर पुलों से गुजरते हैं या फिर अस्थाई हाथ से खींची जाने वाली रोपवे व्यवस्था केभरोसे हैं। राज्य सरकार ने मोरबी हादसे के बाद पुलों के रखरखाव एवं उनकी स्थिति के बारे में पूरा ब्यौरा तलब किया है लेकिन क्या संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई स्थाई व्यवस्था लाई जाएगी, इस पर अभी कुछभी स्पष्ट नहीं है। किसीभी श्रेणी के पुल का टूटना संबंधित प्रदेश की निर्माण नीति एवं गुड गवर्नेंस की स्थिति स्पष्ट करने के लिए काफी है। यह बेहद जरूरी है कि इस प्रकार के हाथों से की बात कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अक्सर लीपापोती कर आरोपी आसानी से टूट जाते हैं और पुनः दूसरी घटनाएं घटित होती रहती हैं। बिना कड़े दंड के इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाना संभव नहीं है।

# छोटी-छोटी बातों पर दौड़ता दिमाग !

**विवेक सक्सेना**

भारत में तो बाल्टी में पानी भरकर मग से नहाते थे पर कनाडा में न तो किसी के यहां बाल्टी देखी और न ही मग नजर आया। बैठने के लिए प्लास्टिक का पटरा तक नहीं देखा। वहां न्यूनतम तापमान करीब 7 डिग्री रहता है। पानी बहुत ठंडा होता था। नहाने के पहले शावर के पानी की टोटी गरम करनी पड़ती थी। मगर जैसे ही पानी शुरु करता शुरु में करीब आधा मिनट तक ठंडे पानी की बौछार आती फिर गरम पानी आना शुरु होता व ठंडे पानी की बौछार के कारण ठिठुर जाता।

वैसे तो कनाडा में मौसम से लेकर साफ सफाई सब गजब है परंतु घरों के वातानुकूलित होने व 24 घंटे तक गरम पानी उपलब्ध रहने के बाद भी सुबह नहाते समय अजीब सी हिकारत का सामना करना पड़ता था। भारत में तो बाल्टी में पानी भरकर मग से नहाते थे पर कनाडा में न तो किसी के यहां बाल्टी देखी और न ही मग नजर आया। बैठने के लिए प्लास्टिक का पटरा तक नहीं देखा। वहां न्यूनतम तापमान करीब 7 डिग्री रहता है। पानी बहुत ठंडा होता था। नहाने के पहले शावर के पानी की टोटी गरम करनी पड़ती थी। मगर जैसे ही पानी शुरु करता शुरु में करीब आधा मिनट तक ठंडे पानी की बौछार आती फिर गरम पानी आना शुरु होता व ठंडे पानी की बौछार के कारण ठिठुर जाता।

दूसरी अहम समस्या कपड़ों के सुखाने की थी। वहां कपड़ों की मशीन में धोने के बाद उन्हें वहीं निचोड़ कर बाहर निकाला जाता है उनका पानी तो निकल जाता है मगर हल्की नमी सी रहती है। वहां धूप बहुत कम निकलती है। हफ्ते में 5 दिन तो बादल छाए रहते है और बारिश होती रहती है। हालांकि मैंने कहीं भी बारिश के कारण सड़क पर न तो पानी भरते देखा और न ही खराब सड़के देखी। वहां बेटा जहां रहता है उसकी सोसायटी समेत हर सोसायटी में धुलाई के बाद कपड़ों को खुले में सुखाना मना है। इसे असभ्य माना जाता है बल्कि ऐसा करने पर प्रबंधक द्वारा जुर्माना भी कर देते हैं। बालकनी में न तो कपड़े सुखाने वाला स्टैंड रखा जा सकता है और न ही वहां डोरी बांध कर कपड़े सुखाए जा सकते हैं।

भारत में हम तेज धूप में सूखी तौलिया व कपड़े का उपयोग करने के आदी थे जबकि वहां धूप में कपड़े सुखाने की कल्पना तक नहीं कर सकते थे। वहां घर का कूड़ा इका ा करने के लिए हर भवन में नीचे पार्किंग की जगह पर कूड़ेदान रखे हुए हैं व पत्नी ही हर रोज उसमें कूड़ा डाल आती थी। मैंने कभी ऐसा नहीं किया क्योंकि लिफ्ट से लेकर वहां का दरवाजा तक कंप्यूटर से खुलता था व मुझे इस बात का डर था कि अगर मैं जरुरी नंबर भूल गया गया तो मुझे सारा दिन नीचे घर के बाहर ही खड़ा रहना पड़ जाएगा। वहां नियमित रूप से कूड़ा एकत्र किया जाता है व कागज डब्बो, गीले कूड़े के बाक्स अलग अलग होते हैं। वहां हर साल हर इलाके में एक दिन तय किया जाता है व अपने घर की अवांछित वस्तुएं घर के बाहर रख देते हैं। कुड़ा उठाने वाली गाड़ी उन्हें उठाकर ले जाती हैं।

मैंने पाया कि बाहर रखा गया कुछ सामान तो बहुत अच्छी हालत में था। इसमें पुराने फर्नीचर से लेकर लोहे का सामान तक शामिल था। वहां रद्दी और पुराना सामान कोई भी नहीं खरीदता है। बियर व दूध की बोतलों को उसके विक्रेता चंद सिक्को के बदले वापस ले लेते हैं। दूध आमतौर पर तीन लीटर की क्षमता वाले प्लास्टिक के जारों में बिकता है व कई स्वाद वाला होता है। उनमें काफी आदि शामिल होते हैं। घरों में पाएं जाने वाले पलंगों का आकार 6 गुणित 5 फुट का होता है। ज्यादातर फर्नीचर फोल्डिंग स्थिति में घर आता है व उन्हें कंप्यूटर पर देखकर घर में जोड़ा जा सकता है। बाजार में बिजली के हर सामान पर डेढ़ दो साल की गारंटी होती है व उसे आप कभी भी दुकानदार को वापस कर सकते है। वह उन्हें लेने से इंकार कर ही नहीं सकता।

वहां तकनीकी ज्ञान रखने वाले मैकेनिक व प्लंबर आदि लोग बहुत कम है व सामान की मरम्मत बहुत मंहगी की जाती है। अतरू लोग मरम्मत करवाने की जगह नया सामान खरीदना ज्यादा पसंद करते हैं। बिजली का प्लग कुछ अलग होता है। हमारे भारतीय प्लग की तुलना में उसकी तीन टांगे तो होती है पर हमारा गोल की बजाय वे चिपटी होती है। बिजली आन करने के लिए हमारे यहां स्विच की बटन नीचे को दबाना पड़ता है जबकि वह इसके विपरीत इसे उपर दबाना पड़ता है। वहां किसी के घर में सीलिंग फेन नहीं है। पिछले साल अचानक गर्मी बढ़ जाने के बाद बाजारों में स्टैंड वाले पंखे नजर आने लगे। घरों में अगर बत्ती व दिया जलाने पर रोक हैं क्योंकि इसके धुएं व गरमी के कारण आग का अलार्म बजने का खतरा पैदा हो जाता है।

आमतौर पर कुकर का उपयोग करने पर रोक हैं क्योंकि उसकी सीटी की आवाज से पड़ोसियों को दिक्कत होने लगती है व इसकी शिकायत कर सकते हैं। वहीं भारत में खाना बनाने वाला हर



**राष्ट्रीय अखबार वहां मंहगे हैं। आमतौर पर लोग खबरों के लिए टीवी पर निर्भर करते हैं। वहां मौसम का आकलन गजब का होता है। सूरज के उगने व डूबने से लेकर बारिश आने तक की भविष्यवाणी एक एक मिनट तक सही होती है। यहां 9 बजे तक अंधेरा नहीं होता व सूरज बहुत देर से डूबता है। बाजार में रात भर दुकानों व दफ्तरों में लाइट जलती रहती है। वहां जगमग देखने को मिलती है।**

**कनाडा में श्रम व श्रमिक बहुत मंहगे हैं। घर का ज्यादातर काम लोगों को खुद ही करना पड़ता है। घर की सफाई से लेकर कपड़े धोने, खाना बनाना बरतन आदि खुद ही धोने पड़ते हैं। अच्छा पैसा कमाने वाले लोगों के यहां ड्राइवर तक नहीं होता है। हमारे भारत की तरह कामवालियां और सफाई करने वालों की भीड़ नहीं आती है। वहां दिन में सारे लाइटों की बत्तियां जलती रहती हैं। सारी रात पूरा शहर जगमगाता रहता है। नववर्ष पर सारी दुकानों व बाजारों को विशेष तौर पर बिजली की झालरों से सजाया जाता है।**

सामान वहां के बड़े बड़े स्टोरों पर मिल जाता है। इसमें गुड़, मूंगफली से लेकर मसाले तक होते हैं। वहां के स्थानीय लोग ज्यादा मसालेदार खाना कम खाते हैं इसलिए भारतीय खाना उन्हें अच्टे लगना लगा। लोग घरों पर अपने जानकारों व पड़ौसियों को कम आमंत्रित करते हैं। आमतौर पर लोग टुट्टी के दिन काम करना व ओवर टाइम पसंद नहीं करते हैं। रात का खाना शाम तक खा लेते हैं। इसी वजह से वहां के रेस्तरां जल्दी बंद हो जाते हैं।

आमतौर पर लोग काले रंग के कपड़े पहनना ज्यादा पसंद करते हैं। वहां हर शहर में वहां के इलाकों के हिसाब से कार की बीमा राशि तय होती है। जैसे कि वेंकूवर के जिस इलाके में ज्यादा भारतीय रहते हैं वहां ज्यादा बीमा देना पड़ता है क्योंकि इन इलाकों में चोरी की ज्यादा घटनाएं होती है। वहां आमतौर पर किसी के घर में अखबार नहीं आते हैं और न ही मैंने अखबार व पत्रिकाएं बेचने वाली कोई दुकान ही देखी।

राष्ट्रीय अखबार वहां मंहगे हैं। आमतौर पर लोग खबरों के लिए टीवी पर निर्भर करते हैं। वहां मौसम का आकलन गजब का होता है। सूरज के उगने व डूबने से लेकर बारिश आने तक की भविष्यवाणी एक एक मिनट तक सही होती है। यहां 9 बजे तक अंधेरा नहीं होता व सूरज बहुत देर से डूबता है। बाजार में रात भर दुकानों व दफ्तरों में लाइट जलती रहती है। वहां जगमग देखने को मिलती है।

कनाडा में श्रम व श्रमिक बहुत मंहगे हैं। घर का ज्यादातर काम लोगों को खुद ही करना पड़ता है। घर की सफाई से लेकर कपड़े धोने, खाना बनाना बरतन आदि खुद ही धोने पड़ते हैं। अच्छा पैसा कमाने वाले लोगों के यहां ड्राइवर तक नहीं होता है। हमारे भारत की तरह कामवालियां और सफाई करने वालों की भीड़ नहीं आती है। वहां दिन में सारे लाइटों की बत्तियां जलती रहती हैं। सारी रात पूरा शहर जगमगाता रहता है। नववर्ष पर सारी दुकानों व बाजारों को विशेष तौर पर बिजली की झालरों से सजाया जाता है।

# सवाल तो मॉडल पर है

मोरबी का नगर प्रशासन यह कर अपनी जवाबदेही नहीं छुड़ा सकता कि उस कंपनी ने बिना सुरक्षा मंजूरी लिए पुल को इस्तेमाल के लिए खोल दिया। अगर ऐसा हुआ, तब तो यह और भी संगीन मामला है।

ये विडंबना ही है कि जिस रोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा जाकर यह कहा कि भारत जल्द ही दुनिया में यात्री और मालवाही विमानों के उत्पादन का केंद्र बन जाएगा, उसी रोज यात्रियों को मोरबी में मच्छू नदी पार कराने के लिए पुनरुद्धार के बाद चार दिन पहले ही खोला गया झूलता पुल टूट कर गिर गया। इस हृदय विदारक दुर्घटना में लगभग सवा सौ लोगों की जान गई है। एक और विडंबना यह है कि 2016 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कोलकाता में एक फ्लाईओवर ढह गया था, तब मोदी ने उसे ममता बनर्जी सरकार के कथित भ्रष्टाचार से जोड़ा था। उन्होंने कहा था कि ये सरकार बनी रही, तो इस तरह पूरा पश्चिम बंगाल टूट जाएगा। अब गुजरात में चुनाव से ठीक पहले ऐसी ही घटना हुई है, तो इस पर किसकी जवाबदेही बनती है, यह प्रश्न जरूर पूछा जाएगा। अगर इस सवाल की हम पड़ताल करें, तो जवाबदेहियों के तीन स्तर नजर आते हैं। पहली जवाबदेही बेशक उस निजी कंपनी की है, जिसने ब्रिटिश राज में बने इस पुल का पुनर्निर्माण किया। इस बीच मोरबी का नगर प्रशासन यह कर अपनी जवाबदेही नहीं टुड़ा सकता कि उस कंपनी ने बिना सुरक्षा मंजूरी लिए पुल को इस्तेमाल के लिए खोल दिया। अगर किसी शहर या राज्य में कोई भी एजेंसी ऐसा करने की टूट आखिर कैसे दी जा सकती है? अगर ऐसा हुआ, तब तो यह और भी संगीन मामला है। बहरहाल, इस मामले में एक जिम्मेदारी उस विकास मडल की भी है, जिसमें सार्वजनिक धन या सेवाएं निजी कंपनियों को सौंप कर जनता की जान-माल की कीमत पर बेलगाम मुनाफा कमाने की टूट दे दी जाती है। यह मडल पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के नाम से चर्चित रहा है। ताजा हादसे के बाद अगर इस मडल के अनुभव का ठोस आकलन नहीं किया जाता है और इस पर जरूरी प्रश्न नहीं उठाए जाते हैं, तो मोरबी में हताहत हुए लोगों को लेकर जताया जा रहा दुख निरर्थक बना रहेगा। ये बात ध्यान में रखने की है कि अपने देश में जवाबदेही तय करने की कमजोर रही परंपरा हर कुछ दिन पर ऐसा हादसा होते रहने का प्रमुख कारण है।

# ऋषि सुनाक पर फूहड़ बहस

**वेद प्रताप वैदिक**

ब्रिटेन में ऋषि सुनाक के प्रधानमंत्री बनने पर भारत में बधाइयों का तांता लगना चाहिए था लेकिन अफसोस है कि हमारे नेताओं के बीच फूहड़ बहस चल पड़ी है। कांग्रेस के दो प्रमुख नेता, जो काफी पढ़े-लिखे और समझदार हैं, उन्होंने बयान दे मारा कि सुनाक जैसे श्अल्पसंख्यक को यदि ब्रिटेन-जैसा कट्टरपंथी देश अपना प्रधानमंत्री बना सकता है तो भारत किसी अल्पसंख्यक को अपना नेता क्यों नहीं बना पाया? यह बहस चलाने वाले क्यों नहीं समझते कि भारत तो ब्रिटेन के मुकाबले कहीं अधिक उदार राष्ट्र है। इसमें सर्वधर्म, सर्वभाषा, सर्ववर्ग, सर्वजाति समभाव की धारणा ही इसके संविधान का मूल है।

उनके उक्त बयान का असली आशय क्या है? उसका असली हमला भाजपा पर है। भाजपा की हिंदुत्व की अवधारणा ने कांग्रेसियों के होश उड़ा रखे हैं। हर चुनाव के बाद उनकी पार्टी सिकुड़ती जा रही है। कांग्रेस ने कई बार हिंदुत्व का पास दें का और दावा मारा लेकिन उसका पासा कभी सीधा पड़ा ही नहीं।



जब कांग्रेसी श्अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग करते हैं तो उनका अर्थ सिर्फ मुसलमान ही होता है। भारत में डा. जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन अली अहमद और एपीजे. अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने। क्या ये तीनों महानुभाव मुसलमान नहीं थे? भारत के कई अत्यंत योग्य मुसलमान सज्जन उप-राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सेनापति आदि रह चुके हैं। ब्रिटेन हमें क्या सिखाएगा? अभी उदारता में तो वह पहली बार घुटनों के बल चला है। सुनाक को प्रधानमंत्री तो उसने मजबूरी में बनाया है।

अयोध्या में राजीव गांधी द्वारा राम-मंदिर का दरवाजा खुलवाना और राहुल का मंदिर-मंदिर भटकना अभी तक किसी काम नहीं आया तो अब कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा को रगड़ा देने के लिए ।षि सुनाक को अपना औजार बना लिया है। लेकिन वे भूल गए कि ब्रिटेन के मुकाबले भारत कहीं अधिक सहिष्णु रहा है।

जब कांग्रेसी श्अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग करते हैं तो उनका अर्थ सिर्फ मुसलमान ही होता है। भारत में डा. जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन अली अहमद और एपीजे. अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने। क्या ये तीनों महानुभाव मुसलमान नहीं थे? भारत के कई अत्यंत योग्य मुसलमान सज्जन उप-राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सेनापति आदि रह चुके हैं। ब्रिटेन हमें क्या सिखाएगा? अभी उदारता में तो वह पहली बार घुटनों के बल चला है। सुनाक को प्रधानमंत्री तो उसने मजबूरी में बनाया है। छह साल में पांच प्रधानमंत्री उलट गए, तब जाकर सुनाक को स्वीकार किया गया है।

वे प्रधानमंत्री इसलिए नहीं बनाए गए हैं, क्योंकि वे अश्वेत हैं, हिंदू हैं या वे ब्रिटिशतेर मूल के हैं। वे हीं कंजर्वेटिव पार्टी के अंतिम तारणहार दिखाई पड़ रहे थे। वे अल्पसंख्यक होने के कारण नहीं, अपनी योग्यता के कारण प्रधानमंत्री बने हैं। भारत तो एक इतावली और केथोलिक महिला (सोनिया गांधी) को भी सहर्ष प्रधानमंत्री मानने को तैयार था लेकिन वह स्वयं त्यागमूर्ति सिद्ध हुईं और उन्होंने एक सिख को, जो कि अत्यंत योग्य, अनुभवी और शिष्ट व्यक्ति थे याने डा. मनमोहनसिंह को प्रधानमंत्री पद सौंप दिया।

क्या भारत के सिख बहुसंख्यक हैं ?ऋषि सुनाक का प्रधानमंत्री बनना अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक की श्रेणी से बाहर का प्रपंच है। उन्हें संख्या के आधार पर नहीं, उनकी योग्यता के आधार पर यह पद मिला है। 2025 के अगले चुनाव में यदि वे चुने गए और प्रधानमंत्री बन गए तो क्या वे अल्पसंख्यकों के वोट से बन जाएंगे? ब्रिटेन के लगभग 7 करोड़ लोगों में से भारतीय मूल के मुश्किल से 15 लाख लोग हैं। क्या इन ढाई प्रतिशत लोगों के वोट पर कोई 10, डाउनिंग स्ट्रीट में जाकर बैठ सकता है? तो फिर इस फूहड़ बहस की तुक क्या है?

# विकट हाल में कमान

खडगे इंदिरा गांधी के समाजवादी दौर से लेकर मनमोहन सिंह के नव-उदारवादी दौर तक कांग्रेस के साथ रहे हैं। अब पार्टी के सामने एक नए दौर के उद्घाटन की चुनौती है। क्या खडगे इसे संयोजित करने में कोई योगदान कर पाएंगे?

मल्लिकार्जुन खडगे के राजनीतिक अनुभव और योग्यता पर तो कोई प्रश्न खड़ा नहीं किया जा सकता। लेकिन जिस मुश्किल वक्त में उन्होंने कांग्रेस की कमान संभाली है, उसके बीच यह प्रश्न जरूर मौजूद है कि आखिर इस पार्टी को उनसे कितनी आस जोडनी चाहिए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने भारत की राजनीति के व्याकरण और संदर्भ बिंदु को बदल दिया है।

इससे हिंदू मानस के एक बड़े हिस्से पर आरएसएस की सोच और राजनीतिक व्यवस्था पर भाजपा सरकार का लगभग वर्चस्व बन गया है। कांग्रेस के लिए अच्छी बात यह है कि उसके नेता राहुल गांधी ने इस स्थिति की समझ रखने के ठोस संकेत हाल के वर्षों में दिए हैं। इसीलिए उन्होंने परंपरागत तरीकों से सियासत करने के बजाय श्भारत जोड़ो यात्रा का कठिन और तपस्या भरा रास्ता चुना है। यह भी अच्छी बात है कि कांग्रेस के नेता इस यात्रा से तुरंत अपनी पार्टी के पुनरुद्धार की उम्मीद नहीं जोड़े हुए हैं। बल्कि वे कहते हैं कि यह लंबा सफर है।

आशा है कि खडगे भी इस हकीकत से परिचित होंगे। उन्हें यह अहसास भी होगा कि श्भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नैतिक और राजनीतिक कद को लगातार ऊंचा बना रही है। इससे

**यात्रा अभी देश के सामने ऐसा एजेंडा या सपना रखने में सफल नहीं हुई है, जिससे लोग उत्साहित होकर कांग्रेस को भविष्य के विकल्प के रूप में देख पाएं। इसी बिंदु पर खडगे की महवपूर्ण भूमिका बनती है। खडगे इंदिरा गांधी के समाजवादी दौर से लेकर मनमोहन सिंह के नव-उदारवादी दौर तक कांग्रेस के साथ रहे हैं। अब पार्टी के सामने एक नए दौर के उद्घाटन की चुनौती है। तो प्रश्न है कि क्या खडगे इसे संयोजित करने में कोई योगदान कर पाएंगे?**

बिना किसी पद पर रहे भी वे ही पार्टी के सर्वोच्च नेता की हैसियत में रहेंगे। खडगे के सामने इन हकीकतों के बीच अपनी ऐसी भूमिका बनाने की चुनौती है, जिससे वे तमाम सीमाओं और समस्याओं के बावजूद अपनी छाप छोड़ सकेँ। श्भारत जोड़ो यात्रा ने भाजपा के वर्चस्व के बीच बने गतिरोध को एक हद तक तोड़ा है। इसके बावजूद यह यात्रा अभी देश के सामने ऐसा एजेंडा या सपना रखने में सफल नहीं हुई है, जिससे लोग उत्साहित होकर कांग्रेस को भविष्य के विकल्प के रूप में देख पाएं। इसी बिंदु पर खडगे की महवपूर्ण भूमिका बनती है। खडगे इंदिरा गांधी के समाजवादी दौर से लेकर मनमोहन सिंह के नव-उदारवादी दौर तक कांग्रेस के साथ रहे हैं। अब पार्टी के सामने एक नए दौर के उद्घाटन की चुनौती है। तो प्रश्न है कि क्या खडगे इसे संयोजित करने में कोई योगदान कर पाएंगे?

# चुनाव तक बरसेंगी नौकरियां !

**हरिशंकर व्यास**

बहुत दिलचस्प संयोग है कि चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश में चुनाव की घोषणा की और गुजरात की घोषणा टाल दी। उसके बाद प्रधानमंत्री ने गुजरात जाकर कई बड़ी योजनाओं की घोषणा की। दिवाली के पांच दिन चलने वाले त्योहार शुरू होने से ठीक पहले ऐलान किया कि देश के 10 लाख नौजवानों को नौकरी दी जाएगी। इसकी शुरुआत धनतेरस से होगी। धनतेरस के मौके पर बड़ा रोजगार मेला लगेगा। प्रधानमंत्री 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। इस मौके पर वे वर्चुअल तरीके से नौजवानों से बात भी करेंगे। इसके बाद अगले साल दिसंबर तक नौकरी बांटने का सिलसिला जारी रहेगा। अगले साल दिसंबर तक 10 लाख नौकरियां बांटने की घोषणा की गई है। यह भी क्या अच्छा संयोग है कि गुजरात विधानसभा चुनावों की घोषणा से ठीक पहले नौकरियां बंटनी शुरू होंगी और 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से ठीक पहले तक मोदीजी नौकरियां बरसाते बंटती रहेंगें। यह उस सरकार की योजना है, जो करीब साढ़े आठ साल से केंद्र में है।

संदेह नहीं है कि जिस तरह से धनतेरस के मौके पर रोजगार मेला लगाने और 75 हजार नियुक्ति पत्र बांटने की घोषणा हुई है वैसे अगले पूरे साल नौकरियां बांटने का शो होगा। जैसे हर चार महीने पर किसानों को सम्मान निधि के नाम पर दो-दो हजार रुपए देने का कार्यक्रम होता है और इसके लिए बड़ा इवेंट क्रिएट किया जाता है उसी तरह नौकरी देने के भी इवेंट होंगे। एक निश्चित अंतराल पर या किसी ने किसी शुभ मौके यानी किसी न किसी हिंदू त्योहार से पहले रोजगार मेले का आयोजन होगा। इवेंट क्रिएट किया जाएगा और हजारों-लाखों नौजवानों को नियुक्ति पत्र मिलेंगे। ध्यान रहे अभी दो राज्यों के चुनाव हैं और अगले साल कम से कम सात राज्यों के चुनाव हैं। उसके तुरंत बाद लोकसभा चुनाव का बिगुल बज जाएगा। सो, एक तरफ चुनाव चल रहे होंगे और दूसरी ओर रोजगार मेले हो रहे होगे।

इस रोजगार मेले में जिन लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, क्या वे भगवानजी की, मोदीजी की दया या पा या आर्शीवाद से नौकरी पा रहे होंगे? हां, प्रचार यही होगा। जब एक गरीब बुढिया को राशन बांट कर भगवानजी उससे नमक के अहसान में तमाम गरीब-गुरबों के वोट मांग सकते है तो नौकरी पाने वाला तो जीवन भर पूजा करता हुआ होगा।

और सोचे यह उस नौजवान के पुर्षार्थ, कंपीटिशन, मेहनत के साथ कैसी क्रूरता होगी। हर मंत्रालय और सरकारी विभाग अपने यहां खाली पद का विज्ञापन निकाता है,, उस पद के लिए परीक्षा होती है। इसमें शामिल होने के लिए वह एक निश्चित काबलियत पूरी करता है। परीक्षा के बाद ही नियुक्ति होती है। यूपीएससी से लेकर एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड या इस जैसी दूसरी सरकारी एजेंसियों के जरिए अलग अलग पदों की परीक्षा होती है। लेकिन धनतेरस से प्रचार क्या होगा? मोदीजी ने नौकरी दी। जैसे नौकरी खैरात में मिली। मानों मेले के आयोजन कर उसमें आने वालों को पकड़ कर नौकरी दी जा रही है।भारत में सरकारी नौकरी और वह भी केंद्र सरकार की नौकरी हासिल करना हिमालय पहाड़ चढने जैसा है। बड़ी तपस्या और तैयारी के बाद नौजवान नौकरी के लिए होने वाली परीक्षा में शामिल होते है और कडे कंपीटिशन के बाद उनको नौकरी मिलती है। ऐसा पहले से लगातार चला आ रहा है। हर साल यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड आदि परीक्षाओं का आयोजन करते रहे हैं और नौजवान बहाल होते हैं।

**बड़ी तपस्या और तैयारी के बाद नौजवान नौकरी के लिए होने वाली परीक्षा में शामिल होते है और कडे कंपीटिशन के बाद उनको नौकरी मिलती है। ऐसा पहले से लगातार चला आ रहा है। हर साल यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड आदि परीक्षाओं का आयोजन करते रहे हैं और नौजवान बहाल होते हैं।**

लेकिन पिछले कई सालों से किसी न किसी बहाने उन नियुक्तियों की परीक्षाएं रूकी रहीं। कई सेवाओं में पद कम कर दिए गए। कई जगह इतनी वैकेंसी निकाल दी गई कि आवेदन करने वाले बहुत हो गए और परीक्षा कराने में ही सालों निकल गए। सेना में भी कई साल से वैकेंसी रोकी गई। जब निकाली गई तो अग्निपथ योजना के तहत चार साल के लिए अग्निवीर भर्ती किए जा रहे हैं। सो, धीरे धीरे केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में लाखों पद खाली हो गए। उन सबको प्रतिस्पर्धी परीक्षा के जरिए भरा जाना है लेकिन प्रचार ऐसे हो रहा है, जैसे रोजगार मेले में आओ और नौकरी पाओ !

## कोलोराडो गोलीबारी में एक की मौत, चार घायल

**लस एंजेलिस ,एजेंसी।** अमेरिकी राज्य कोलोराडो की राजधानी डेनवर में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह घटना दोपहर की है। डेनवर पुलिस विभाग ने ट्विटर पर एक अपडेट में लिखा कि पांच पीडिघ्तों का पता चला है, जिसमें से चार पीडिघ्तों को अस्पताल ले जाया गया और एक को मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने वाहन की एक तस्वीर साझा की, जिसके बारे में माना जाता है कि इस शूटिंग में संदिग्धों द्वारा वाहन को इस्तेमाल किया गया था। विभाग ने पहले के एक ट्वीट में लिखा था कि, वबेर्ना स्ट्रीट के 1400 ब्लक में हुई गोलीबारी में छह लोग मारे गए थे। विभाग ने कहा कि, वह शूटिंग की जांच कर रहा है।

## तीन साल के अंतराल के बाद फिर से खुला बगदाद अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

**बगदाद ,एजेंसी।** इराक ने कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल के अंतराल के बाद राजधानी बगदाद में 46वें बगदाद अंतर्राष्ट्रीय मेले की शुरुआत की है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इराक के व्यापार मंत्री अथीर दाउद अल-घुरैरी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें 13 देशों की 363 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया।

अल-घुरैरी ने उद्घाटन समारोह में कहा, देशों और कंपनियों की भागीदारी आर्थिक मंचों को आकर्षित करने और वैज्ञानिक और तकनीकी विकास की दुनिया में जो हो रहा है, उसके साथ बातचीत करने की इराक की क्षमता की पुष्टि करती है। इराकी मेलों के लिए मंत्रालय की स्टेट कंपनी के प्रमुख जैनब नासिर ने एक अलग बयान में कहा कि यह प्रदर्शनी 10 दिनों तक चलेगी, जिसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य इराक में आर्थिक और सुरक्षा विकास की एक सच्ची तस्वीर पेश करना है। उन्होंने कहा, प्रदर्शनी में इराक की प्रमुख आर्थिक गतिविधियों में सफल होने की क्षमता भी दिखाई देती है जो देश को प्रमुख आर्थिक परियोजनाओं के साथ अरब और अंतर्राष्ट्रीय निवेश को आकर्षित करने का अवसर देती है।

## नीदरलैंड सीरिया से 40 आतंकवाद से जुड़ीं महिलाओं और बच्चों को वापस लाएगा

**हेग ,एजेंसी।** डच सरकार ने कहा है कि वह 28 बच्चों के साथ उत्तरी सीरिया से संदिग्ध 12 डच महिलाओं को उत्तरी सीरिया से वापस लाएगी। सरकार ने कहा कि महिलाओं और उनके बच्चों का समूह पहले से ही रास्ते में है। नीदरलैंड पहुंचने पर महिलाओं को गिरफ्तार किया जाएगा और उन पर मुकदमा चलाया जाएगा, जबकि बच्चों को बाल संरक्षण बोर्ड को सौंप दिया जाएगा।

डच राष्ट्रीयता वाली महिलाएं अपने बच्चों के साथ उत्तरी सीरिया में विशेष शिविरों में रुकी हैं। रटरडैम की एक अदालत ने इस साल मई में फैसला सुनाया था कि संदिग्धों को उनके मुकदमे के लिए जल्द ही नीदरलैंड वापस लाया जाना था। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर महिलाओं को स्वदेश नहीं भेजा गया तो उनके खिलाफ आपराधिक मामले बंद कर दिए जाएंगे।

## तीन के अंतराल के बाद बगदाद में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का शुभारम्भ

**बगदाद ,एजेंसी।** कोरोना महामारी महामारी के कारण तीन साल के अंतराल के बाद इराक की राजधानी बगदाद में 46वां बगदाद अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का शुभारम्भ हुआ।

इराक के व्यापार मंत्री अथीर दाउद अल-घुरैरी ने इस मेले का उद्घाटन किया।

# हिमाचल प्रदेश: पहले मतदाता ने पहली बार घर से किया मतदान

**किन्नौर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए देश के प्रथम मतदाता 106 वर्षीय श्घ्याम सरन नेगी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। घर से मतपत्र से मतदान करने के दूसरे दिन श्घ्याम सरन नेगी ने भी मतदान कर दिया। श्घ्याम सरन नेगी के मतदान के दौरान किन्घ्नौर में चुनाव आयोग के अधिकारी भी मौजूद रहे। 80 वर्ष से अधिक के पात्र लोगों, दिव्यांगों को भी सुविधा प्रदान की गई है। चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी भी डाक से मतदान कर सकेंगे। श्घ्याम सरन नेगी को चुनाव आयोग ने इस साल ब्रांड एंबेसडर भी बनाया है। 2014 के आम चुनाव के दौरान भी ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था।



पहले मतदाता श्याम सरन नेगी के वोट डालने के मौके पर जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने किन्नौरी वाद्ययंत्रों की व्यवस्था कर रखी थी। इन धुनों को बजाते हुए उनका स्वागत किया गया।

देश के आजाद होने के बाद 1952 में पहला लोकसभा चुनाव का आयोजन किया गया। लेकिन किन्घ्नौर में भारी हिमपात के कारण पांच महीने पहले सितंबर 1951 में मतदान हो गया। श्घ्याम सरन नेगी सेवानिवृत्घ्त अध्घ्यापक हैं। चुनाव के दौरान वह जिला किन्घ्नौर के मूरंग स्घ्कूल में तैनात थे। इस दौरान उनकी ड्यूटी चुनाव में भी लगी थी। वह आजाद भारत में पहली बार मतदान के लिए काफी उत्घ्साहित थे। चुनाव के लिए उनकी ड्यूटी किन्घ्नौर के ही शौंगठोंग से मूरंग तक थी। उनका वोट कल्घ्पा में था। उन्घ्होंने निर्वाचन अधिकारी से सुबह वोट डालने के बाद ड्यूटी पर जाने की इजाजत मांगी। वह सुबह मतदान स्घ्थल पर पहुंच गए। उन्घ्होंने जल्घ्दी मतदान करवाने का आग्रह किया। जिस पर पोलिंग अधिकारी ने रजिस्घ्टर खोलकर उन्घ्हें पर्ची दी। नेगी ने सुबह सवा छह बजे मतदान किया। इस तरह मतदान करते ही वह देश के पहले मतदाता बन गए।

किन्नौर में अपने घर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालते प्रथम मतदाता श्घ्याम सरन नेगी। चुनाव आयोग की ओर से नेगी के घर पर विशेष इंतजाम किए गए थे। आंगन में शामियाने की व्घ्यवस्घ्था की गई थी। श्याम सरन नेगी ने कहा कि सभी को वोट डालना चाहिए। वोट डालने का मतलब होता है कि सही आदमी को आगे पहुंचाया जाए। उन्होंने घर पर वोट डालने की सुविधा देने केलिए प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। 1951 में कल्पा में डाला था पहला वोट एक जुलाई 1917 को कल्पा में जन्में श्याम सरन नेगी देश के प्रथम मतदाता है। इन्होंने 1951 के पहला वोट आजाद भारत में डाला था। बुधवार को पहली बार इन्होंने अपने घर से अपने मत प्रयोग किया।

उपायुक्त ने कहा यह किन्नौर ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल के लिए गौरव की बात है कि आजाद भारत के पहले मतदाता किन्नौर जिला से हैं। उन्होंने कहा कि पहले श्याम सरन नेगी हर बार की तरह बूथ पर आकर ही मतदान करना चाहते थे, लेकिन अब इनकी तबीयत खराब होने के कारण घर पर ही इनका मतदान करवाया है। इन्होंने 12डी फार्म भरा। इसके बाद प्रशासन ने इनसे घर पर आकर वोटिंग करवाई। हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा अपना दृष्टि पत्र चार नवंबर को जारी करेगी।

## एमपी में भीषण सड़क हादसा, बोलेरो और डंपर की भिड़ंत में 5 लोगों की दर्दनाक मौत

**मुरैना ,एजेंसी** । मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बोलेरो और डंपर की टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना देर रात की है।

सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, नूराबाद थाना इलाके के नेशनल हाईवे 44 पर बीती रात यह भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। बताया जा रहा है कि बोलेरो गाड़ी से कुछ लोग ग्वालियर से लौट रहे थे। वही पीटे से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और इस घटना में मौके पर दो लोगों की मौत हो गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने इस घटना में गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

## इमरान एक राजनीतिक आतंकवादी, पाक की राजनीति में हितधारक नहीं : मरियम नवाज

**लंदन ,एजेंसी।** पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने कहा है कि पूर्व प्रधान मंत्री और पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान अब पाकिस्तान की राजनीति में हितधारक नहीं हैं और गठबंधन सरकार इस्लामाबाद के लिए उनके लंबे मार्च से परेशान है, जो 28 अक्टूबर को शुरू हुआ था। चाहे वह (पीटीआई) 2,000 या 20,000 लोगों को इस्लामाबाद लाएं, हम श्सशस्त्र समूहों की मांगों को नहीं सुनेंगे। वह लोकतांत्रिक लोग नहीं हैं। वह राजनीतिक आतंकवादी हैं। मरियम ने इमरान को श्राजनीतिक आतंकवादी बताते हुए कहा कि संघीय राजधानी में उनके श्हकीकी आजादी मार्च का उद्देश्य सेना प्रमुख की नियुक्ति के मामले में मौजूदा सरकार पर दबाव बनाना है।

शीर्ष सैन्य प्रमुखों की अभूतपूर्व प्रेस कन्फ्रेंस के बारे में बोलते हुए, मरियम ने कहा कि डीजी आईएसआई ने इमरान खान के झूठ को उजागर किया कि वह अपनी श्असंवैधानिक मांगों को पेश करने के लिए रात में सेना प्रमुख से मिले थे। राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए काउंटर तथ्यों को प्रस्तुत करना आवश्यक था।

पीएमएल-एन नेता ने कहा कि इमरान खान सार्वजनिक रैलियों और लंबे मार्च के दौरान विवादित बयान देकर मौजूदा सरकार को अगला सेना प्रमुख नियुक्त करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। सैन्य प्रमुख की नियुक्ति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का कानूनी और संवैधानिक अधिकार है। उन्हें (इमरान खान) को पता होना चाहिए कि नियुक्ति की प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण तरीके से होगी।

इमरान खान के साथ बातचीत करने के किसी भी प्रयास का विरोध करते हुए, मरियम ने कहा कि चर्चा केवल शफिटना (शरारत) से टुटकारा पाने के लिए एक रणनीति तैयार करने के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना की यह घोषणा कि वह श्अराजनीतिक रहेगी, वास्तव में पीएमएल-एन सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बयान की जीत थी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से करेंगी 3 पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा

**कोहिमा ,एजेंसी** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार से तीन पूर्वोत्तर राज्यों नागालैंड, मिजोरम और सिक्किम की चार दिवसीय यात्रा करेंगी। कोहिमा में अधिकारियों ने कहा कि उनके आगमन पर नागालैंड सरकार बुधवार को कोहिमा के कैपिटल कल्चरल हल में उनका नागरिक स्वागत करेगी।

मुर्मू पूर्वोत्तर राज्य में शिक्षा और बुनियादी ढांचे से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगी। राज्य सरकार ने 22 आदिवासी संगठनों के अध्यक्षों और अन्य नेताओं को नागरिक स्वागत समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। उन्हें पारंपरिक शल ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा।

मुर्मू गुरुवार को कोहिमा युद्ध कब्रिस्तान में अपना सम्मान व्यक्त करेंगी और किगवेमा गांव जाएंगी, जहां वह ग्राम परिषद के सदस्यों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी।

उसी दिन, वह मिजोरम जाएंगी और आइजोल में मिजोरम विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी और शिक्षा से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी।

वह शाम को राजभवन में उनके सम्मान में राज्य सरकार द्वारा आयोजित नागरिक स्वागत समारोह में शामिल होंगी।मुर्मू 4 नवंबर को विधानसभा सदस्यों को संबोधित करेंगी।उसी दिन, वह गंगटोक जाएंगी और सिक्किम सरकार द्वारा आयोजित एक नागरिक स्वागत समारोह में भाग लेंगी और केंद्र व राज्य सरकारों की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी।

## हत्या मामले में दोषी करार, बाग्लादेश से नौ साल बाद गिरफ्तार

**ढाका ,एजेंसी।** बांग्लादेश पुलिस के कुलीन बल रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने एक भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसे नौ साल पहले विश्वजीत दास हत्याकांड में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान खुलना संभाग के मगुरा जिले के खांडाकर मोहम्मद यूनुस अली (36) के रूप में हुई है। आरएबी के वरिष्ठ सहायक निदेशक (मीडिया) फजलुल हक ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि अली को सोमवार सुबह करीब 1145 बजे नारायणगंज के केल्लापुर इलाके से गिरफ्तार किया गया।9 दिसंबर, 2012 को पुराने ढाका में बहादुर शाह पार्क के पास, बीएनपी के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा बुलाए गए नाकेबंदी के दौरान, एक दर्जी-दुकान कर्मचारी बिस्वजीत की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। 18 दिसंबर, 2013 को एक स्पीडी ट्रायल ट्रिब्यूनल ने मामले के सिलसिले में आठ लोगों को मौत की सजा सुनाई।

### श्रृंगार गौरी केस में जिला जज की टिप्पणी

## इस मुकदमे को लग्जरियस सूट की तरह नहीं चलने देंगे

**वाराणसी, एजेंसी।** ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी वाद की सुनवाई बुधवार को जिला जज ड. अजय ष्ण विश्वेश की अदालत में हुई। इस दौरान ज्ञानवापी परिसर में तहखाने को तोड़कर और मलबे को हटाकर कमीशन की कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर सुनवाई हुई। मामले में मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से आपत्ति दाखिल की गई।



इस पर हिंदू पक्ष की ओर से प्रति आपत्ति दाखिल करने के लिए अदालत ने 11 नवंबर की तिथि तय की। वहीं सुनवाई के दौरान जिला जज ने कोर्ट में विशेष टिप्पणी भी दोनों पक्षों को लेकर की। उन्होंने कहा है कि आगे से इस मुकदमे में एक हफ्ते से ज्यादा की अवधि की तारीख अब नहीं दी जाएगी। मामला सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में चल रहा है। इसके अलावा उन्होंने सभी पक्षों से कहा है कि इस मुकदमे को लग्जरियस सूट की तरह नहीं चलने देंगे। अदालत का समय कीमती है। पया उसका सही उपयोग करें।

पिछली तिथि में 21 अक्तूबर को कोर्ट ने ज्ञानवापी- श्रृंगार गौरी केस में पार्टी बनने के लिए दिए गए सभी पक्षकारों के आवेदन को खारिज कर दिया था। साथ ही इस मामले में ज्ञानवापी परिसर में कमीशन की कार्रवाई आगे बढ़ाने के लिए वादी हिंदू पक्ष की मांग व कारमाइकल लाइब्रेरी में मिले गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति को सुरक्षित व संरक्षित करने की मांग वाली अर्जी पर अगली तिथि को सुनवाई करने व इस पर आपत्ति दाखिल करने के लिए अंजुमन इंतजामिया की ओर से समय मांगने पर 100 रुपये हर्जाना लगाते हुए सुनवाई के लिए दो नवंबर की तिथि तय की थी।

बुधवार को अंजुमन इंतजामिया की ओर से आपत्ति दाखिल की गई। इसके बाद हिंदू पक्ष की ओर से इसके जवाब में अपनी प्रति आपत्ति दाखिल करने के लिए अदालत से समय की मांग की गई। जिस पर अदालत ने 11 नवंबर की तिथि नियत कर दी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि वादी पक्ष ने 82 ग के तहत कमीशन की कार्यवाही आगे बढ़ाने की बात अदालत में कही है। उस पर प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने अपनी अपत्ति कोर्ट में दाखिल कर दी है। जिस पर अदालत ने वादी पक्ष को अपना पक्ष रखने के लिए 11 नवंबर की तारीख मुकर्रर की है।इस तिथि पर वादी पक्ष प्रतिवादी पक्ष की आपत्ति पर अपना जवाब दाखिल कर देगा। वहीं प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता रईस अहमद ने कहा कि हमने अदालत के निर्देशानुसार अपनी आपत्ति दाखिल कर दी है। अब इस पर वादी पक्ष जो जवाब देगा उसका उत्तर दिया जाएगा।

## डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी को वाई सिक्योरिटी, ट्रैफिक क्लीयरेंस वाहन भी रहेगा साथ

**मुंबई ,एजेंसी** । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फड़णवीस की पत्नी अमृता फड़णवीस की सुरक्षा बढ़ाई गई है। उनको गृह विभाग ने वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी है। पूर्व सीएम की पत्नी अमृता फडणवीस को मिल रही धमकियों के आकलन के बाद इस तरह का सुरक्षा कवर दिया गया है। अलग-अलग शिफ्ट में 4 सशस्त्र गार्ड उनकी सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

बता दें कि अमृता फड़णवीस को पहले से एक्स कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई थी। सुरक्षा संबंधी आशंकाओं (थ्रेट परसेप्शन) को देखते हुए उसे अपग्रेड कर वाई कर दी गई है। वहीं साथ ही उन्हें ट्रैफिक क्लियरेंस व्हिकल की सुविधा देने का भी फैसला किया गया है, ताकि कहीं भी आने-जाने की स्थिति में यातायात संबंधी सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जा सके। ट्रैफिक क्लियरेंस व्हिकल यात्रा के समय पायलट वाहन की तरह काम करता है। महाराष्ट्र के गृह विभाग ने इस बाबत फैसला लिया है। अमृता फड़णवीस को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलने के साथ ही एस्कर्ट व्हिकल के साथ ही उनके सुरक्षा में चौबीसों घंटे 5 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई पुलिस की प्रोटेक्शन एवं सुरक्षा विभाग ने इस बाबत ट्रैफिक डिपार्टमेंट को जरूरी निर्देश दिए हैं। हालांकि, अमृता फड़णवीस फिलहाल ट्रैफिक क्लियरेंस व्हिकल का इस्तेमाल शुरू नहीं किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सामान्य तौर पर ट्रैफिक क्लियरेंस व्हिकल की सुविधा संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति को ही दी जाती है।वहीं महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एवं गृह मंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने इस मसले पर कहा कि अमृता फड़णवीस ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग नहीं की थी। खतरे की आशंका को देखते हुए उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक क्लियरेंस व्हिकल के लिए भी आवेदन नहीं दिया गया था। देवेंद्र फड़णवीस ने बताया कि अमृता ने पुलिस को खासतौर पर कहा था कि उन्हें ट्रैफिक क्लियरेंस व्हिकल की जरूरत नहीं है। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि उन्हें बताया गया कि इससे पहले ठाकरे परिवार और अन्य को इस तरह की सुविधा मुहैया कराई जा चुकी है। देवेंद्र फड़णवीस ने बताया कि यह सुविधा पद नहीं, बल्कि खतरे की आशंका को देखते हुए दी जाती है।

## भाजपा के पूर्व सांसद प्रभातसिंह चौहान कांग्रेस में शामिल

**खेड़ा ,एजेंसी** । गुजरात के पंचमहल निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के पूर्व सांसद प्रभातसिंह चौहान मंगलवार को पार्टी के महासचिव मोहन प्रकाश और राज्य के अन्य नेताओं की मौजूद्गी में कांग्रेस में शामिल हो गए। खेड़ा जिले के फागवेल से परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले वह पार्टी में शामिल हुए थे।

पंचमहल जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीतसिंह डाभी ने उम्मीद जताई कि चौहान के पार्टी में आने से कांग्रेस को कलोल विधानसभा सीट फिर से हासिल करने में मदद मिलेगी, जिसे वह 1995 से भाजपा से हार रही है।

## काशी विश्वनाथ की आरतियों में शामिल होने वाले भक्तों की संख्या हुई दोगुनी

**वाराणसी ,एजेंसी** । काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद से ही वाराणसी में श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह उमड़ रहा है। यहां पर होने वाली पांच आरतियों में शामिल होने वाले भक्तों की संख्या दिन प्रति दिन दोगुनी हो गई है। साथ ही नया करिडोर लोगों को आकर्षित कर रहा है। इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ रही और लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। काशी विश्वनाथ में प्रति दिन पांच आरती की जाती है जिसमें भोर में होने वाली मंगला आरती, मध्याह्न भोग आरती, सप्ता षि आरती, श्रृंगार भोग और रात्रि में शयन आरती होती है।

काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि टिकट के माध्यम से सुगम दर्शन के द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के पहले दिसंबर 2020 से सितंबर 2021 तक चारों दैनिक आरती में शामिल होने वाले भक्तों की संख्या 58,096 थी, जबकि लोकार्पण के बाद चारों आरती में शामिल होने वालों की संख्या दोगुनी से अधिक होकर 1,26,510 हो गई।

## युवती ने मुझे हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की : कर्नाटक भाजपा विधायक

**चित्रदुर्ग ,एजेंसी** । कर्नाटक के चित्रदुर्ग के भाजपा विधायक टीप्पा रेड्डी ने युवती द्वारा किए गए अश्लील वीडियो कल के संबंध में साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ नेता को हनी ट्रैप करने के लिए एक गिरोह द्वारा किया गया व्यर्थ प्रयास था। घटना को लेकर विधायक द्वारा शिकायत दर्ज किए जाने के बाद गिरोह पुलिस के रडार पर आ गया है।

विधायक टिप्पा रेड्डी को 31 अक्टूबर को एक अज्ञात महिला का फोन आया। शुरू में यह एक सामान्य कल थी, लेकिन फिर उसने व्हाट्सएप पर एक वीडियो कल किया। जिसमें महिला बिना कपड़ों में हिंदी भाषा में बात कर रही थी, यह देख भाजपा नेता चौंक गए।

विधायक ने तुरंत फोन काट दिया। इसके बाद उन्हें उस मोबाइल नंबर से कई अश्लील वीडियो आई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विधायक ने सभी वीडियो डिलीट कर दिए और नंबर ब्लक कर दिया।

## तमिलनाडु के इलाकों में भारी बारिश, 7 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित

**चेन्नई ,एजेंसी** । बारिश के प्रकोप की वजह से तमिलनाडु सरकार ने सात जिलों के लिए अरेंज अलर्ट और स्कूलों और कलेजों के लिए अवकाश घोषित किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी है।

चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्ट, तिरुवल्लूर, रानीपेट, विल्लुपुरम और वेल्लोर जिलों के लिए अरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि चेन्नई और तिरुवल्लूर ने स्कूलों और कलेजों दोनों के लिए टुट्टियों की घोषणा की है। वहीं कांचीपुरम, चेंगलपट्ट, रानीपेट, विल्लुपुरम और वेल्लोर जिलों ने केवल स्कूलों के लिए टुट्टियों की घोषणा की है।

29 अक्टूबर को तमिलनाडु में पूर्वोत्तर मानसून के दस्तक देने के बाद से, राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है और राजधानी चेन्नई और आस-पास के जिलों में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।चेन्नई में दो लोग पहले ही अपनी जान गंवा चुके हैं। एक 47 वर्षीय महिला, शांति की उसके घर की बालकनी गिरने से मौत हो गई और एक 52 वर्षीय अटोरिक्शा चालक देवेंद्रन की बिजली के झटके से मौत हो गई। मौसम विज्ञानियों ने तमिलनाडु में 5 नवंबर तक गरज और बिजली गिरने के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।चेन्नई के कई हिस्सों में स्टर्म ड्रेन का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है, जिससे शहर के ज्यादातर इलाकों में पानी भर गया है। हालांकि कुछ इलाकों में जलजमाव कम होने पर स्थानीय लोगों ने संतोष जताया।चेन्नई के अशोक नगर के 42 वर्षीय व्यवसायी पी. प्रकाश शेनय ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, स्टर्मवाटर ड्रेन का काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है और इसलिए कई हिस्सों में जलभराव है। हालांकि, पिछले साल से स्थिति में सुधार हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि यह मुद्दा पूरी तरह से सुलझा लिया जाएगा। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में तमिलनाडु के चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्ट, वेल्लोर, रानीपेट, तिरुपत्तूर और तिरुवनमल्लई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमक़े. स्टालिन ने बारिश से जुड़े मुद्दों का सामना करने के लिए राज्य में मंत्रियों और अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की।

## पंजाब की सांसद ने कनाडा की विधायिका को पंजाबी में किया संबोधित

**चंडीगढ़ ,एजेंसी** । कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में नस्लवाद विरोधी पहल के लिए पंजाब मूल की संसदीय सचिव रचना सिंह ने पंजाबी में विधायिका को संबोधित कर इतिहास रच दिया है। सरे-ग्रीन टिम्बर्स के विधायक, जो एक प्रसिद्ध पंजाबी विद्वान रघबीर सिंह सिरजाना की बेटी हैं, ने मंगलवार को अपनी मातृभाषा में सदन में संक्षिप्त परिचय दिया। अपने संबोधन में, रचना सिंह ने भारत में एक पंजाबी भाषी क्षेत्र के समर्थकों द्वारा दिए गए बलिदानों को पहचाना।उन्होंने पंजाबी भाषा को विदेशी भूमि में विकसित होने के अवसर देने के लिए न केवल कनाडा सरकार को धन्यवाद दिया ।

# श्रीलंका ने अफगानिस्तान को टी20 विश्व कप से बाहर किया



ब्रिस्बेन ,02 नवंबर । श्रीलंका ने वानिंदू हसरंगा (13/3) की शानदार गेंदबाजी और धनन्जय डी सिल्वा (66) के नाबाद अर्द्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान को टी20 विश्व कप 2022 के सुपर–12 मुकाबले में पांच विकेट से मात दी।

अफगानिस्तान ने ग्रुप–1 के मैच में श्रीलंका को 145 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे श्रीलंका ने 18.3 ओवर में हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान चार मैचों में केवल दो अंकों के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। श्रीलंका ने चार मैचों में चार अंक हासिल कर लिये हैं, लेकिन वह भी सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये अन्य नतीजों पर निर्भर हैं।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पारी की अच्छी शुरुआत की लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज उसे भुना नहीं सके। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (28) और उस्मान गऩी (27) ने पावरप्ले में 42 रन की साझेदारी की। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए इब्राहीम ज़ादरान ने 18 गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर 22 रन बनाये, जबकि इन तीनों के अलावा कोई भी अफगान बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका।

अफगानिस्तान ने 12 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 89 रन बना लिये थे लेकिन श्रीलंका ने अंतिम ओवरों में लगातार विकेट निकालते हुए रनगति पर लगाम लगाई। अफगान टीम ने आखिरी पांच ओवरों में पांच विकेट गंवाते हुए केवल 40 रन जोड़े और 20 ओवर में 144/8 का स्कोर खड़ा किया।

श्रीलंका के लिये हसंरगा ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिये। लहिरू कुमारा ने दो जबकि कसुन रजिता और धनन्जय डी सिल्वा ने एक–एक विकेट अपने नाम किया।

अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिये गेंदबाजी में दमखम दिखाया और श्रीलंका पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 28 रन ही बना सकी। कुसल मेंडिस ने सातवें ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाकर रनगति बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन अगले ओवर में राशिद खान (31/2) ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया।

श्रीलंका के दो विकेट 46 रन पर गिरने के बाद डी सिल्वा और चरिता असलंका ने 54 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की। असलंका ने 18 गेंदों पर 19 रन बनाये, जबकि डी सिल्वा 42 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों के साथ 66 रन बनाकर अंत तक विकेट पर टिके रहे। उन्होंने भानुका राजपक्षे (14 गेंदें, तीन चौके, 18 रन) के साथ भी 42 रन जोड़े और 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर श्रीलंका को जीत दिलाई।



## पेरिस में फ्रिट्ज ने फोकिना को दी मात, एटीपी फाइनल की उम्मीदों को रखा जिंदा

पेरिस ,। टेलर फ्रिट्ज ने पेरिस मास्टर्स के पहले दौर के मुकाबले में आम तौर पर लचीला अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को मात देने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।फ्रिट्ज पहले सेट में एक ब्रेक से पिछड़ गए थे और दूसरे में 2–0 की बढ़त बना ली क्योंकि डेविडोविच फोकिना ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में 2021 चर्टर फाइनलिस्ट के खिलाफ जल्दी परेशान होते दिखाई दिए।

नौवें वरीय ने स्पैनियार्ड की सर्विसों का शानदार जवाब दिया, हालांकि, कोर्ट सेंट्रल पर 90 मिनट में 7–5, 6–2 से जीत हासिल करने के लिए 10 में से पांच ब्रेक पॉइंट को बदल कर रख दिए। फ्रिट्ज ने कहा, अभी मैं सिर्फ टूर्नामेंट में खेलने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मुझे लगता है कि इस साल मैंने टूर्नामेंट में कुछ खास मैच जीते हैं, जिसमें मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैं इन शुरूआती राउंड पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा।

जीत के साथ, फ्रिट्ज ने पहली बार नवंबर के निटो एटीपी फाइनल के लिए चलीफाई करने की अपनी बाहरी उम्मीदों को जिंदा रखा। 25 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी ने वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में आठवें स्थान पर है और उसे पेरिस में चैंपियनशिप मैच तक पहुंचना होगा ताकि सीजन के समापन के लिए चेलीफाई स्थानों में फेलिक्स ऑगर–अलियासिम या एंड्री रुबलेव से आगे छलांग लगाने का मौका मिल सके।



## टी20 विश्व कप फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड होंगे : मिताली

कोलकाता , भारत की दिग्गज क्रिकेटर एवं पूर्व कप्तान मिताली राज ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के संबंध में पूर्वानुमान लगाते हुए कहा है कि फाइनल में न्यूज़ीलैंड और भारत आमने–सामने होंगे। मिताली एकमात्र भारतीय कप्तान हैं, जिन्होंने दो विश्व कप फाइनल में महिला टीम का नेतृत्व किया है।

मिताली ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में कहा, सेमीफाइनल स्थान के लिए मेरा पूर्वानुमान है कि ग्रुप–2 से भारत और दक्षिण अफ्रीका आगे जाएंगे। ग्रुप–1 से न्यूजीलैंड के साथ इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक होगा। फाइनल में कोई शक नहीं, भारत और न्यूज़ीलैंड को वहां होना है।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड का विजय रथ रोका, सेमीफाइनल की उम्मीदें जिन्दा रखीं

ब्रिस्बेन , इंग्लैंड ने जॉस बटलर (73) और एलेक्स हेल्स (52) के अर्द्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के सुपर–12 मुकाबले में 20 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिन्दा रखा। इंग्लैंड ने ग्रुप–1 के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 179 रन बनाये, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड 159 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये ग्लेन फिलिप्स ने अर्द्धशतकीय पारी खेली लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। फिलिप्स ने 36 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 62 रन बनाये मगर 18वें ओवर में उनके आउट होते ही कीवी टीम की उम्मीदें समाप्त हो गईं। इंग्लैंड चार मैचों में पांच अंकों के साथ अपने ग्रुप में दूसरे पायदान पर आ गई है, जबकि इतने ही अंकों वाली ऑस्ट्रेलिया (–0.30) खराब रन रेट के कारण तीसरे स्थान पर है। पांच अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद न्यूजीलैंड (+2.23) के पास यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाने का अवसर था, लेकिन अब उसे सुपर–12 के अपने आखिरी मैच में अफगानिस्तान को हर हाल में हराना होगा। कप्तान बटलर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और हेल्स के साथ मिलकर इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। बटलर–हेल्स ने पहले विकेट के लिये 10 ओवर में 81 रन जोडक़र इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में डाल दिया। हेल्स ने 40 गेंदों पर सात चौके और एक छक्का लगाकर 52 रन बनाये। उनका विकेट गिरने के बाद बटलर ने भी हाथ खोले और अपना अर्द्धशतक पूरा करते हुए 47 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों के साथ 73 रन की पारी खेली। इंग्लैंड ने 17 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बना लिये थे, लेकिन न्यूजीलैंड ने आखिरी तीन ओवरों में चार विकेट चटकाते हुए रनगति पर लगाम लगाई। लोकी फर्ग्यूसन ने लायम लिविंग्सटन (20) और बेन स्टोक्स (08) को आउट किया, जबकि टिम साउदी ने हैरी ब्रूक को सात रन पर पवेलियन भेजा। सैम करेन ने आखिरी ओवर में छक्का लगाकर अपनी टीम को 179/6 के स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूज़ीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने 28 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाजों को गंवा दिया। डेवन कॉनवे (03) और ग्लेन फिलिप्स (16) के आउट होने के बाद विलियमसन और फिलिप्स की जोड़ी ने न्यूजीलैंड को संकट से निकालते हुए तीसरे विकेट के लिये 91 रन की साझेदारी की। विलियमसन ने



40 गेंदों पर इतने ही रन बनाये, लेकिन फिलिप्स ने आक्रमक रुख अपनाते हुए 25 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया।स्टोक्स ने 15वें ओवर में इस साझेदारी को तोड़ दिया, जबकि न्यूजीलैंड को पांच ओवरों में 57 रनों की जरूरत थी। मार्क वुड ने अगले ओवर में जेम्स नीशम को आउट करके सिर्फ तीन ही रन दिये, जबकि क्रिस वोक्स ने 17वें ओवर में पांच रन देकर डेरिल मिशेल का विकेट लिया।फिलिप्स न्यूजीलैंड की आखिरी उम्मीद थे लेकिन करेन ने उन्हें 18वें ओवर में आउट कर मैच इंग्लैंड की झोली में डाल दिया।इंग्लैंड को सुपर–12 के अपने आखिरी मुकाबले में श्रीलंका का सामना करना है, जबकि न्यूजीलैंड का सामना आयरलैंड से होगा।

# फिल्मी गपशप

## चाचा चौधरी कॉमिक बुक में दिखेंगे कैटरीना कैफ की फोन भूत के किरदार

कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म फोन भूत 4 नवंबर को सिनेमाघरों में आ रही है। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है। अब फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने अहम घोषणा की है। इस फिल्म के किरदार प्रसिद्ध कॉमिक बुक चाचा चौधरी में प्रकाशित किए जाएंगे। इसके लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट ने कॉमिक बुक निर्माता डायमंड टून्स के साथ साझेदारी की है।

एक्सेल एंटरटेनमेंट ने ट्विटर पर इस संबंध में घोषणा की है। प्रोडक्शन कंपनी ने एक पोस्टर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, एक रोमांचक मिशन पर फोन भूत की टीम में शामिल होने की राह पर है चाचा चौधरी। मेकर्स द्वारा शेयर किए गए पोस्टर में फिल्म के किरदार कॉमिक अवतार में दिखे हैं। इस पोस्टर में चाचा चौधरी और साबू के अलावा कैटरीना, ईशान और सिद्धांत को जगह दी गई है।




यह पहली बार नहीं है जब एक्सेल एंटरटेनमेंट ने डायमंड टून्स के साथ डील की है। इससे पहले फरहान अख्तर की प्रोडक्शन कंपनी ने फुकरे रिटर्न्स के लिए इस प्रकाशक के साथ हाथ मिलाया था। इस डील के तहत फुकरे रिटर्न्स के सभी किरदारों को चाचा चौधरी कॉमिक्स में प्रकाशित किया गया था। फुकरे रिटर्न्स 2017 में रिलीज हुई थी, जिसमें अली फजल, वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और ऋचा चड्ढा दिखे थे।

डायमंड टून्स के निदेशक मनीष वर्मा ने कहा, बुक सीरीज चाचा चौधरी और फोन भूत के इस विशेष संस्करण के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। चाचा चौधरी एक ऑलराउंडर होने के नाते प्रासंगिक रूप से हमारे जीवन के लगभग सभी पहलुओं को जोड़ते हैं। उनका मानना है कि फोन भूत का कॉमिक अवतार आठ साल से 80 साल के उम्र के सभी लोगों को पसंद आएगा।

फोन भूत में कैटरीना भूत के किरदार में नजर आएंगी। ट्रेलर में उनके अंदाज को फैंस ने सराहा था।फिल्म में शीबा चड्ढा और जैकी श्रॉफ भी नजर आने वाले हैं। रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने इसकी कहानी लिखी है। कोरोना महामारी के कारण अन्य फिल्मों की तरह इस फिल्म के प्रोजेक्ट में भी देरी हुई है। पहले यह फिल्म 7 अक्टूबर को रिलीज होने वाली थी। दिसंबर, 2020 में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी।

कैटरीना जल्द ही सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में नजर आएंगी। सिद्धांत पिछली बार गहराइयां में नजर आए थे। वह युधरा और फिल्म खो गए हम कहां में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। ईशान फिल्म पिप्पा को लेकर सुर्खियों में हैं।

## जगन शक्ति की हीरो नंबर 1 में नजर आ सकते हैं टाइगर श्रॉफ

टाइगर श्रॉफ मौजूदा दौर के व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। अब उनके खाते से एक और प्रोजेक्ट जुड़ गया है। खबरों की मानें तो वह फिल्ममेकर जगन शक्ति की अगली फिल्म हीरो नंबर 1 में नजर आ सकते हैं। वाशु भगनानी और जैकी भगनानी इस फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं। उनकी प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले यह फिल्म बनेगी। यह एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म है, जिसे बड़े बजट में बनाया जाएगा।रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर ने हीरो नंबर 1 के लिए जैकी और जगन के साथ हाथ मिलाया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। एक सूत्र ने बताया, टाइगर, जैकी और जगन अपने तरह की एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर बनाने की सोच रहे हैं, जिसका उद्देश्य हीरोगिरी को वापस लाना है। इसके लिए हीरो नंबर 1 से बेहतर शीर्षक और क्या हो सकता है।जगन पूजा एंटरटेनमेंट के लिए फिल्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका यह ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है। यूरोप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को शूट करने की योजना है। इस प्रोजेक्ट का प्री–प्रोडक्शन का काम जोर–शोर से चल



रहा है। यह एक मिशन–आधारित फिल्म है, जिसमें एक खलनायक सहित कई दिलचस्प किरदार नजर आएंगे। फिल्म के अन्य बाकी कलाकारों की कास्टिंग एक महीने के भीतर होगी। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि टाइगर की इस फिल्म का गोविंदा की हीरो नंबर 1 से कोई लेना–देना नहीं है। शीर्षक भले एक समान हैं,

## विक्की कौशल की द इम्मोर्टल अश्वत्थामा से बाहर हुईं सारा अली खान ?



निर्देशक आदित्य धर की फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा लंबे समय से अटकी हुई है। फिल्म की घोषणा होने के बाद लंबे समय तक इसपर कोई काम नहीं हुआ। माना जाने लगा कि फिल्म को बंद कर दिया गया है। हालांकि, कुछ दिन पहले खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। दोबारा शुरू हुई फिल्म में सारा अली खान को हटाकर सामंथा रुथ प्रभु को लिया गया। अब सारा के फिल्म छोडऩे की वजह सामने आई है।

रिपोर्ट्स की मानें तो विक्की कौशल स्टारर इस फिल्म की स्क्रिप्ट को नए सिरे से लिखा गया जिसके बाद सारा फिल्म से बाहर हो गईं। पुरानी स्क्रिप्ट के अनुसार फिल्म में एक कम उम्र की लडक़ी की जरूरत थी। वहीं नई कहानी के हिसाब से परिपक्वलडक़ी की तलाश थी। नए शेड्यूल के लिए डेट्स नहीं मैच होने की वजह से भी सारा फिल्म से बाहर हुई हैं। फिलहाल इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग अगले साल गर्मियों में शुरू हो जाएगी। विक्की कौशल फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिलहाल फिल्म के प्री–प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह एक बड़े स्तर की फिल्म है जिसके प्री–प्रोडक्शन में करीब 10 महीने का समय लगेगा। फिल्म के प्री–प्रोडक्शन में ही निर्माता अब तक अच्छा–खासा पैसा बहा चुके हैं।

## ऋ तिक रोशन की फाइटर की रिलीज डेट फिर खिसकी



अभिनेता ऋ तिक रोशन एक्शन फिल्म फाइटर के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इसमें उनके साथ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। इसमें हॉलीवुड लेवल का एक्शन अवतार दिखने वाला है। अब एक बार फिर इस फिल्म की रिलीज डेट आगे खिसक गई है। फिल्म अगले साल 28 सितंबर को पर्दे पर आने वाली थी, लेकिन अब यह 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद ने संभाली है।

अभिनेता ऋ तिक ने एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में मिलते हैं! प्तफाइटर। 28 सितंबर, 2023 को रिलीज डेट तय करने से पहले इसे अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज किया जाना था। उस वक्त भी इसकी रिलीज डेट को टाल दिया गया था। अब ऋतिक के फैंस को फिल्म देखने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म होगी। ऋतिक इसमें एरियल स्टंट करते नजर आएंगे। लगभग 250 करोड़ रुपये के बड़े बजट में बनने वाली इस फिल्म को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्माण वायकॉम 18 स्टूडियोज के बैनर तले ममता आनंद, रमन चिब्ब और अंकु पांडे कर रहे हैं। इस फिल्म में जाने–माने अभिनेता अनिल कपूर भी नजर आएंगे। सिद्धार्थ की इस फिल्म के लिए ऋतिक और दीपिका पादुकोण पहली बार साथ आ रहे हैं। फिल्म में ऋतिक और दीपिका दोनों एयर फोर्स ऑफिसर की भूमिका में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए ऋतिक और दीपिका को हॉलीवुड के मंझे हुए स्टंटमैन ट्रेनिंग देंगे। ऋ तिक और दीपिका दोनों ने फिल्म के लिए अपनी शारीरिक संरचना में बदलाव किए हैं। फिल्म के कैरेक्टर के हिसाब से उन्होंने अपनी बॉडी बनाई है। यह पहला मौका नहीं है, जब सिद्धार्थ और ऋतिक किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। फाइटर से पहले दोनों फिल्म बैंग बैंग और वॉर में काम कर चुके हैं।


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com